

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज



लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 245 | सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 | आश्विन माह, शुक्ल, नवमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया

नौवां नवरात्र



एक नजर



जेडी वेंस बात करना चाहते हैं : ट्रंप

वॉशिंगटन : वॉइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी केटी जकारिया की उनकी नियुक्ति के सिर्फ 5 दिन बाद छुट्टी कर दी गई, जो इस पद पर किसी का सबसे छोटा कार्यकाल है। बताया जा रहे है कि केटी को पद से हटाने जाने की घटना एक अमेरिकी मीडिया हाउस के साथ इंटरव्यू के बीच में ही हुई। केटी जकारिया शुक्रवार दोपहर 1 बजे द वॉल स्ट्रीट जर्नल के साथ अपनी भूमिका पर चर्चा कर रही थीं। इसी दौरान राष्ट्रपति ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार जेसन मिलर ने बातचीत के बीच में ही दखल दिया। मिलर ने जकारिया से कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनसे बात करना चाहते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि जकारिया इंटरव्यू छोड़कर चली गईं। इसके बाद वह न तो इंटरव्यू में वापस आईं और न ही नौकरी पर लौटीं। WSJ के पत्रकार फिलिप मेलानचथोन वेगमैन ने X पर इस घटना का जिक्र किया है।

समुद्र के रास्ते श्रीलंका भेजी जा रही थी 100 करोड़ की ड्रग्स



दिल्ली। समुद्री रास्ते से श्रीलंका में नशीले पदार्थों की तस्करी की एक संदिग्ध कोशिश DRI नाकाम कर दी है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने खुफिया सूचना पर एक बड़ा सीक्रेट ऑपरेशन चलाया था। इस दौरान तमिलनाडु के नागपट्टिनम जिले के एक तटीय गांव से 137 किलो क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त किया है, जो एक प्रतिबंधित सिंथेटिक नशीला पदार्थ है, ये जानकारी वित्त मंत्रालय ने दी है। संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ जारी मुहिम के तहत तमिलनाडु के तटीय इलाके में हाल के सालों में ये सबसे बड़ी नशीले पदार्थों की बरामदगी है। इस दौरान उन्होंने तटीय इलाकों में सक्रिय एक ऐसे ड्रग-तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया, जो इन नशीले पदार्थों की श्रीलंका में तस्करी करने की फिराक में था।

फ्रांस में अराजक हालात, हिंसा और आगजनी की चपेट में पूरा देश

मुरादाबाद दस्तक

पेरिस: फ्रांस में स्कूलों की बदहाली और महंगाई के खिलाफ शुरू हुआ प्रदर्शन पूरी तरह अराजक हो गया है। शनिवार को प्रदर्शनों के दौरान जमकर हिंसा हुई। राजधानी और दूसरे इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने ऐतिहासिक इमारतों में आग लगा दी और दुकानों में लूटपाट की। देश भर में अलग-अलग इलाकों में 5 लाख से ज्यादा लोग इन प्रदर्शनों में शामिल हुए। 1200 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हिंसा में शामिल उपद्रवियों को सजा देने की कसम खाई है।

राजधानी पेरिस में 1 लाख 10 हजार से ज्यादा लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पेरिस के कई इलाकों में जंग जैसे हालात नजर आ रहे थे। पेरिस में शाम तक दंगा-रोधी पुलिस के साथ लोगों की तीखी झड़पें हुईं। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पेरिस में दोपहर के समय मुख्य काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन बाद में कुछ लोगों ने आग लगा दी और वाहनों को जला दिया। पूरे फ्रांस में कई इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। इनमें ग्रेनोबल, एविग्नन, पाउ, मोंटपेलियर और वैलेंस जैसे शहर शामिल हैं।



ऐतिहासिक इमारतों में लगाई आग

सबसे चौंकाने वाला नजारा लिमोगेस शहर में जहां प्रदर्शनकारियों ने ऐतिहासिक टाउन हाल में आग लगा दी। फुटेज में मशहूर इमारत आग की लपटों और धुएं में घिरी नजर आ रही है। इस दौरान उसका सबसे ऊपरी हिस्सा बिखरकर गिर जाता है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि छत ढहकर निचली मंजिलों पर आ गिरी, जिससे इमारत का लगभग दो-तिहाई हिस्सा गायब हो गया।

लगभग 150 पुलिस अधिकारी घायल

इसके अलावा कई शहरों में लूटपाट और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की खबरें सामने आई हैं। पुलिस और प्रदर्शनकारियों, दोनों तरफ से दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री सेबेस्टिन लेकोर्नू ने बताया कि 150 पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। वहीं, फ्रांस के दक्षिणी शहर सेंट एटियन में ग्रेनेड की चपेट में आने से प्रदर्शन कर रहे एक व्यक्ति का हाथ उड़ गया।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन लोगों को सजा दिलाने की कसम खाई है, जिन्होंने प्रदर्शनों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया या दुकानों में तोड़फोड़ और लूटपाट की। मैक्रों ने कहा, जिन लोगों ने तोड़फोड़ की, प्रशासनिक कार्यालयों या व्यवसायों पर हमले किए या लूटपाटी की, उन पर मुकदमा चलाया जाएगा और उन्हें सजा दी जाएगी।

रूसी तेल पर प्रतिबंध, फिर भी पश्चिमी देशों तक पहुंच रहा ईंधन; भारत से निर्यात 43 प्रतिशत बढ़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रूस से कच्चा तेल खरीदकर उसका प्रसंस्करण करने वाले भारत समेत तीन देशों की रिफाइनरियों से पश्चिमी देशों को तेल उत्पादों का निर्यात सितंबर में 43 प्रतिशत बढ़कर एक अरब यूरो यानी करीब 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। खास बात यह है कि इन तेल उत्पादों की खरीद उन देशों ने भी की, जिन्होंने रूसी कच्चे तेल से बने ईंधन के आयात पर प्रतिबंध लगा रखा है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

सीआरईए की रिपोर्ट के अनुसार, गुजरात स्थित रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर रिफाइनरी ने सितंबर में यूरोपीय संघ (ईयू) के बंदरगाहों पर पहुंचे सात मालवाहक जहाजों में से छह को ईंधन की आपूर्ति की। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब यूरोपीय संघ ने रूसी कच्चे तेल से तैयार तेल उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगा रखा है।

रिपोर्ट में भारत, तुर्किये और ब्रुनेई की उन रिफाइनरियों से हुए निर्यात का आकलन किया गया है, जो रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण करती हैं। इन देशों की रिफाइनरियों से यूरोपीय संघ ने 66.7 करोड़ यूरो, ऑस्ट्रेलिया ने 16.8 करोड़ यूरो, अमेरिका ने 15.4 करोड़ यूरो और न्यूजीलैंड ने 1.9 करोड़ यूरो के तेल उत्पाद खरीदे।सीआरईए के अनुमान के मुताबिक, इनमें 29.5 करोड़ यूरो मूल्य के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, जामनगर रिफाइनरी ने अमेरिका को सबसे अधिक मूल्य के तेल उत्पादों का निर्यात किया। इसकी कीमत 12.2 करोड़ यूरो आंकी गई है। जुलाई से सितंबर के दौरान रिफाइनरी के कुल कच्चे तेल आयात में रूसी तेल की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत रही।

यूरोपीय संघ के बंदरगाहों पर पहुंचे सात जहाजों में से तीन इटली, दो रोमानिया और एक-एक स्पेन तथा साइप्रस पहुंचे। रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण करने वाली रिफाइनरियों से यूरोपीय संघ के बंदरगाहों के लिए घोषित निर्यात का मूल्य अगस्त की तुलना में सितंबर में 80 प्रतिशत बढ़ गया।

इसमें जामनगर रिफाइनरी से भेजा गया 1.04 लाख टन गैसऑयल यानी डीजल का एक जहाज भी शामिल था, जो रिपोर्ट के अनुसार उस समय रॉटरडैम के रास्ते में था।

'कांग्रेस और थलपति विजय पर दोहरे मापदंड का आरोप' ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर इंडिया ब्लॉक को झटका

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर दिल्ली समेत कई जगहों पर विपक्षी दल प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी समेत कई छात्र संगठन भी इस मुद्दे को लेकर सड़क पर हैं। इस बीच तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी डीएमके ने भी मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) का मुद्दा उठाया। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तुरंत हटाने की मांग की। इसके साथ ही, पार्टी ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के नेतृत्व वाले विरोध-प्रदर्शनों का समर्थन किया और कांग्रेस पर अपने हमले तेज कर दिए।

जिस तरह से डीएमके ने पूरे मामले पर रिएक्ट किया उससे विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक को झटका लगता दिख रहा है। ऐसे संकेत मिल रहे कि DMK की दिलचस्पी 'तीसरे मोर्चे' में बढ़ रही है। पार्टी अध्यक्ष एम.के. स्टालिन की अध्यक्षता में DMK सांसदों की शनिवार को एक बैठक हुई, जिसमें चार प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें से एक प्रस्ताव में ज्ञानेश कुमार को हटाने और उनके एकतरफा फैसलों की जांच कराने की मांग की गई है।

एक अन्य प्रस्ताव में कांग्रेस और थलपति विजय की पार्टी TVK पर SIR को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने और 'राजनीतिक अवसरवाद' का आरोप लगाया गया है। डीएमके ने चुनावी गड़बड़ियों के खिलाफ युवाओं और छात्रों के आंदोलनों को भी अपना समर्थन दिया है। पार्टी ने विशेष रूप से SIR और चुनाव आयोग के खिलाफ CJP के विरोध-प्रदर्शनों का समर्थन किया है।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब DMK, कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन से बाहर एक व्यापक क्षेत्रीय मंच की संभावनाएं तलाश रही है।

पार्टी नेताओं ने CJP और अन्य क्षेत्रीय दलों से संपर्क किया है; साथ ही YSR कांग्रेस पार्टी और BRS के साथ भी बातचीत की गई है। DMK सांसद कनिमोझी ने शिवसेना (UBT) प्रमुख उद्धव ठाकरे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी मुलाकात की है।

न डरेंगे, न पीछे हटेंगे... सीईसी के इस्तीफे की मांग पर डटे अभिजीत दिपके

जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने आज सौरव दास और आशुतोष रांका की रिहाई को लेकर उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि दोनों के आने के बाद सभी लोग एक साथ बैठेंगे, आगे की रणनीति बनाएंगे और तय करेंगे कि इस लड़ाई को किस दिशा में ले जाना है। दिपके ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफ की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के दौरान हुई गिरफ्तारियों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि उन्हें डराने की कोशिश की जा रही है, लेकिन वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास की रिहाई पर फैसला आज आना है। दोनों को 14 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार था



और 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। उनकी रिहाई के लिए अर्जी और जमानतदारों के दस्तावेज जमा करा दिए गए हैं, और पुलिस द्वारा इनका सत्यापन किया जा रहा है। अभिजीत दिपके ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जो कुछ भी हुआ है, उसमें लोगों की गैर-कानूनी गिरफ्तारी और हिरासत जैसे मामले शामिल हैं। उनके मुताबिक, इन घटनाओं से साफ होता है कि आंदोलन से जुड़े लोगों को डराने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी कार्रवाई से उनका हौसला कम नहीं होगा।

'महिलाओं का सम्मान ही सच्ची भक्ति', दुर्गा पूजा पर राष्ट्रपति ने दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्गा पूजा को नारी शक्ति के सम्मान और भारत की आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना ही मां दुर्गा के प्रति सच्ची भक्ति है। राष्ट्रपति ने देशवासियों के सुख-समृद्धि और विकास की कामना भी की। लेकिन दुर्गा पूजा का नारी शक्ति से क्या संबंध है? मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय समाज को क्या संदेश देती है?

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दुर्गा पूजा



के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व नारी शक्ति का सम्मान करने की भारत की परंपरा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा देश की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय बुराई पर अच्छाई और दैवीय शक्तियों की जीत का प्रेरक उदाहरण है। राष्ट्रपति ने कहा कि मां दुर्गा की सच्ची भक्ति तभी पूरी होगी, जब महिलाओं को व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में सम्मान दिया जाएगा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार को अपने संदेश में देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को दुर्गा पूजा की बधाई दी। उन्होंने कामना की कि मां दुर्गा का आशीर्वाद सभी नागरिकों के जीवन में सुख और समृद्धि लाए तथा देश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता रहे। राष्ट्रपति का संदेश केवल धार्मिक शुभकामनाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें महिलाओं के सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और देश की सांस्कृतिक एकता का भी उल्लेख किया गया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दुर्गा पूजा भारत की उस परंपरा को दिखाती है, जिसमें महिलाओं की शक्ति का सम्मान किया जाता है। मां दुर्गा को शक्ति और बुराई पर विजय का प्रतीक माना जाता है। राष्ट्रपति के अनुसार, इस पर्व का संदेश केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है।

कैंसर मरीजों को बड़ी राहत, 70 फीसदी तक कम होंगी 137 दवाओं की कीमतें

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। कैंसर के मरीजों सरकार ने बड़ी राहत दी है। 9 नवंबर से 137 दवाओं की कीमतों में 70% तक की कमी होने जा रही है, क्योंकि सरकार ने ट्रेड मार्जिन को 30% तक सीमित कर दिया है। दवाओं की कीमतों पर नजर रखने वाली संस्था नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (NPPA) ने 137 नॉन-शेड्यूल्ड कैंसर-रोधी दवाओं के बारे में अधिसूचना जारी की। यह कदम अत्यधिक ट्रेड मार्जिन की समस्या को दूर करने के लिए उठाया गया है, जिसके तहत DPCO, 2013 के पैराग्राफ 19 को लागू किया गया है। खास बात यह है कि इस सूची में पेटेंट वाली दवाएं भी शामिल हैं।

हमारे सहयोगी टीओआई को मिले NPPA की बैठक के मिनट्स के मुताबिक GST को छोड़कर MRP के 30% पर ट्रेड मार्जिन को तर्कसंगत बनाने का मतलब है कि स्टॉकिस्ट/डिस्ट्रीब्यूटर को दी जाने वाली कीमत (PTS/PTD) पर 42.9% का मार्क-अप जोड़ा गया है। आसान शब्दों में कहें तो PTS/PTD वह पहला बिंदु है जहां दवा की बिक्री होती है। यह सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें कोर्ट ने रिटेलर को बेची जाने वाली दवाओं की कीमत और मरीजों से वसूले जाने वाले MRP के बीच के भारी अंतर की ओर इशारा किया है। कुछ मामलों में तो यह अंतर 10 गुना तक है। कुछ दवाओं की एमआरपी प्रति शीशी/पैक 5 लाख रुपये तक हैं। इनमें पर्टुजुमैब + ट्रैस्टुजुमैब, एटेजोलिजुमैब, टेक्लिस्टामैब, इनोटुजुमैब ओजोगैमिसिन और डाराटुमुमैब शामिल हैं।

खुशखबरी पारदर्शिता बढ़ाने के साथ महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का रास्ता खुला

3 हजार से 12 हजार रुपये हुआ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार महिलाओं को प्रदेश की प्रगति का सक्रिय भागीदार बनाने के लिए काम कर रही है। सरकार ने नारीशक्ति की सुरक्षा, सम्मान, पोषण, शिक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के अवसरों का विस्तार किया है।

शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर मां महागौरी का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता को लेकर सरकार की विभिन्न पहलों का उल्लेख किया। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब हर मां स्वस्थ और सुरक्षित हो, हर बेटी को बेहतर पोषण और भविष्य मिले तथा प्रत्येक महिला सम्मान के साथ आत्मनिर्भर जीवन जी सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की नींव रखने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि की गई है। इसे 3,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। इसके साथ ही उन्हें स्वास्थ्य बीमा का लाभ देकर स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को मजबूती देने का प्रयास किया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में बच्चों के पोषण से जुड़ी व्यवस्था माफिया के शिकंजे में थी। डबल इंजन सरकार बनने के बाद टेक होम राशन के उत्पादन और वितरण की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपी गई। इससे व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का रास्ता खुला। उन्होंने कहा कि इस पहल से प्रदेश में पोषण सेवाएं मजबूत हुई हैं और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिली है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, बलिनी, सामर्थ्य, काशी, बाबा गोरखनाथ और सृजनी जैसी दुग्ध उत्पादक कंपनियों से जुड़कर 31 जिलों की चार लाख से अधिक महिलाएं दुग्ध उत्पादन को आय और उद्यमिता का माध्यम बना रही हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में बीसी सखी पहल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा दिया है। प्रदेश में 1 करोड़ 20 लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी पहल के माध्यम से महिलाएं अपने हुनर और मेहनत को नियमित आय में बदलकर परिवार की खुशहाली और आर्थिक समृद्धि में योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने महाअष्टमी पर मां महागौरी की आराधना करते हुए कहा कि मां महागौरी शांति, पवित्रता और करुणा की प्रतीक हैं। उनकी कृपा से प्रदेश में नारीशक्ति का जीवन सुरक्षा, सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि से आलोकित हो रहा है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, "सशक्त नारी, समृद्ध उत्तर प्रदेश।"

यूपी में किसानों के बच्चों के लिए दोगुनी हुईं छात्रवृत्ति की सीटें, अब सालाना मिलेंगे 60 हजार रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना के तहत किसानों और खेतिहर मजदूरों के मेधावी बच्चों के लिए छात्रवृत्ति की सीटें दोगुनी कर दी गई हैं। अब कृषि विश्वविद्यालयों में 90 और महाविद्यालयों में 30 विद्यार्थियों को सालाना 60 हजार रुपये मिलेंगे। निर्धारित सीटें 1,410 से बढ़कर 2,820 हो गई हैं।

प्रदेश सरकार ने किसानों और खेतिहर मजदूरों के मेधावी बच्चों के लिए कृषि शिक्षा में छात्रवृत्ति की निर्धारित सीटें दोगुनी कर दी हैं। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद की मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अब प्रत्येक कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि संस्थान में 45 के स्थान पर 90 तथा प्रत्येक कृषि महाविद्यालय में 15 के स्थान पर 30 विद्यार्थियों को मेरिट के आधार पर सालाना 60 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी।

वर्तमान में मंडी परिषद द्वारा मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रदेश के 11 कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि संस्थानों तथा 61 कृषि महाविद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। सीटों में बढ़ोतरी के बाद इन संस्थानों में छात्रवृत्ति की कुल निर्धारित संख्या 1,410 से बढ़कर 2,820 हो गई है। इससे अधिक मेधावी विद्यार्थियों को उच्च कृषि शिक्षा का अवसर मिलेगा और भविष्य में कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों तथा कृषि आधारित उद्यमियों की नई पीढ़ी तैयार होने की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

मंडी परिषद ने छात्रवृत्ति की मासिक राशि तीन हजार से बढ़ाकर पांच हजार रुपये कर दी है। इससे चयनित विद्यार्थियों को अब सालाना 36 हजार के स्थान पर 60 हजार रुपये मिलेंगे। प्रत्येक चयनित विद्यार्थी को 24 हजार रुपये की अतिरिक्त वार्षिक आर्थिक सहायता प्राप्त होगी।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



रामलीला में हुआ अंगद-रावण संवाद





जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। नगर में चल रहे विशाल दशहरा मेला में आयोजित रामलीला के दौरान रविवार को अंगद-रावण संवाद की लीला का भव्य मंचन किया गया। श्री बाल मुकुंद जी महाराज वृंदावन की प्रसिद्ध रामलीला के कलाकारों ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला में दिखाया गया कि भगवान श्रीराम ने युद्ध टालने और माता सीता को रावण के बंधन से मुक्त कराने के अंतिम प्रयास के रूप में बालि पुत्र अंगद को शांति दूत बनाकर लंका भेजा। अंगद रावण की सभा में पहुंचकर उसे माता सीता को सम्मानपूर्वक भगवान श्रीराम को लौटाने और प्रभु श्रीराम की शरण में आने की सलाह देते हैं। लेकिन अहंकार में चूर रावण उनकी बात मानने से इनकार कर देता है। इसके बाद अंगद रावण की सभा में अपना पैर जमा देते हैं और चुनौती देते हैं कि यदि कोई उनका पैर हटा देगा तो भगवान श्रीराम अपनी सेना के साथ वापस लौट जाएंगे। रावण के दरबार में मौजूद शक्तिशाली योद्धा और मेघनाद भी अंगद का पैर हिलाने में असफल रहते हैं। इस प्रसंग ने दर्शकों में खासा उत्साह पैदा किया। रामलीला के माध्यम से संदेश दिया गया कि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है, जबकि सत्य और धर्म की सदैव विजय होती है। मंचन के दौरान दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय की सराहना की। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उप मंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षित चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, सक्सेना शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़ , रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी और मेल व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

लंका दहन की लीला देखने पहुंचे पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन और पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन

नवाबगंज। नगर में चल रहे विशाल दशहरा मेले में शनिवार को लंका दहन की लीला के अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन अपनी धर्मपत्नी, पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन के साथ रामलीला देखने पहुंचे। इस दौरान मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने दोनों का फूल-मालाएं पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उपमंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज एडवोकेट शैलेंद्र शर्मा, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेंद्र कुमार, शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़, रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी तथा मेला व्यवस्थापक राम अवतार वाला और अमर सिंह राठौर सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय रक्षा संविदा अधिकारी संगठन की ओर से राम कुमार भी अपनी धर्मपत्नी हीमाद्री के साथ मौजूद रहे। मेला कमेटी की ओर से उनका भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन और पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने भगवान श्रीराम, माता सीता और रामलीला के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रामलीला के माध्यम से मिलने वाली मर्यादा, सत्य, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान मेला परिसर में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही और लंका दहन की लीला को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया।

संक्षेप समाचार



शिव मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

क्योलड़िया। विकासखंड भदपुरा के ग्राम अल्लाहपुर स्थित शिव मंदिर पर गुरुवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान दीनानाथ ने फीता काटकर किया। कथा के आयोजन से गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है इस दौरान दीप्ति शास्त्री ने उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए धार्मिक एवं आध्यात्मिक विचारों से अवगत कराया। सात दिनों तक चलने वाली इस श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजकों के अनुसार, कथा के समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा इस अवसर पर रूबी सिंह, मुन्नालाल, राम औतार, मिश्रीलाल, राजेंद्र प्रसाद समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।



आर्य समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

बहेड़ी। विगत वर्षों की भांति इस बार भी आर्य समाज की ओर से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। स्थानीय गन्ना समिति के निकट से निकाली गई शोभायात्रा मद्धिम चाल से चलकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए मेला प्रांगण पहुंची जहाँ तीन दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। मेला प्रांगण में कार्यक्रम के लिए विशाल पंडाल सजाया गया जहाँ बैठकर तमाम धर्मप्रेमी तीन दिनों तक दूरदराज से आने वाले विद्वानों के व्याख्यान सुनेंगे। दशहरे के दिन कार्यक्रम को विराम दे दिया जाएगा। शोभायात्रा में चौधरी मुन्ना सिंह, सचिन सिंह, चौधरी भूप सिंह, करन सिंह, अनोखे लाल, कमल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, हरवेंद्र सिंह सहित दर्जनों अन्य लोग शामिल रहे।



भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

बहेड़ी। भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सतेंद्र यादव का नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। तमाम भाजपाई हाइवे स्थित डिग्री कालेज पहुंचे और जिलाध्यक्ष को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त कर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जितेंद्र सक्सेना, अनिल सक्सेना, सुमन श्रीवास्तव, गौरव जायसवाल, नरेश शर्मा, अनु गंगवार तथा विनीत राठौर समेत कई अन्य शामिल रहे। साईं सुधा वाटिका में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता की अगुवाई में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। रूप किशोर गंगवार, हेमंत गुर्जर, सचिन प्रजापति, दिनकर गुप्ता तथा मोहित वाल्मीकि आदि स्वागत कार्यक्रम में मौजूद रहे।

रामलीला: कुंभकर्ण बध लीला के साथ पुतला दहन

बहेड़ी। पांच तारीख से चल रहे मेला श्री रामलीला में रविवार को कुंभकर्ण वध की लीला का मंचन किया गया। इसके बाद मेघनाद और लक्ष्मण के बीच भीषण युद्ध हुआ, जिसमें लक्ष्मण मूर्छित हो गए। हनुमान संजीवनी बूटी लेकर पहुंचे तो लक्ष्मण के होश में आने पर दर्शकों में खुशी छा गई। लक्ष्मण के मूर्छित होने पर श्रीराम के करुण विलाप का दृश्य देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। लीला मंचन के बाद शाम करीब सात बजे कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया गया। इसे देखने के लिए मेला परिसर में भारी भीड़ जुटी। इस दौरान मेला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

धान काटने के विवाद में पिता-पुत्र समेत कई लोगों पर हमला, पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ 13 वर्षीय किशोरी को भी पीटने का आरोप, लाठी-डंडों और दरांती से हमले की शिकायत

नवाबगंज। थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम समूहा में खेत में धान काटने को लेकर हुए विवाद में लाठी-डंडों और दरांती से हमला करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित रामस्वरूप ने आरोपियों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के प्रार्थना पत्र के अनुसार, 14 अक्टूबर 2026 को रामस्वरूप अपने पुत्रों के साथ खेत में धान काट रहे थे। इसी दौरान गांव के मंगलसेन अपने पुत्रों सोमपाल, राकेश, रविन्द्र और गौरव के साथ ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खेत पर पहुंच गए। आरोप है कि मंगलसेन ने खेत के कुछ हिस्से पर कब्जा कर रखा था और पहले गेहूं की फसल भी जबरन काट ली थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि सुबह करीब नौ बजे मंगलसेन और उनके पुत्रों ने रामस्वरूप के हिस्से की धान की फसल काटने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और दरांती से हमला कर दिया। मारपीट में रामस्वरूप और उनके पुत्र घायल हो गए। पीड़ित के मुताबिक, उसके सिर और कान में गंभीर चोटें आईं तथा काफी खून बहने लगा। रामस्वरूप ने यह भी आरोप लगाया कि खेत पर खाना देने पहुंची उनकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित का कहना है कि शिकायत करने जाने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। रामस्वरूप ने 17 अक्टूबर को थाना नवाबगंज में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मंगलसेन और उनके चार पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जानकारी नहीं मिल सकी है।

नगर समेत क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया

फतेहगंज पूर्वी। नगर समेत क्षेत्र में रविवार को दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में हवन-पूजन किया और मां दुर्गा के भजन-कीर्तन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों और घरों में धार्मिक आयोजन हुए।

आचार्य उमेश चंद्र शास्त्री और उत्तम शंखधार ने बताया कि सोमवार को दुर्गा नवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन घरों में कन्या भोज कराकर व्रत का पारण किया जाएगा। नवमी पर्व को लेकर नगर में तैयारियां जोरों पर हैं। व्यापारी मोहन अग्रवाल, अनुज मिश्रा और अरुण मिश्रा समेत कई लोग विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन करेंगे।

सामूहिक विवाह समारोह में एक दूजे के होंगे 129 जोड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को नवाबगंज ब्लॉक के 129 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। नगर के पुष्प वाटिका मैरिज हॉल में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सामूहिक विवाह समारोह में ब्लॉक प्रशासन की ओर से 126 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा, जबकि नगर पालिका परिषद की ओर से तीन जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस तरह समारोह में कुल 129 जोड़े नए जीवन की शुरुआत करेंगे। खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र शाक्य ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी तरीके से पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया है। निर्धारित तिथि पर 126 बेटियों का विवाह कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि नवविवाहित जोड़ों को शासन की ओर से निर्धारित नियमानुसार उपहार सामग्री और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। आयोजन के माध्यम से पात्र जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह संपन्न कराकर उन्हें नए जीवन की शुरुआत करने में सहयोग दिया जाएगा।


डॉक्टर मीनाक्षी बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार की जेठानी और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर एके गंगवार की हैं पत्नी, समर्थकों में खुशी की लहर

नवाबगंज। भारतीय जनता पार्टी ने महिला मोर्चा के संगठन में डॉक्टर मीनाक्षी को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। रविवार शाम महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा की ओर से जारी सूची में डॉक्टर मीनाक्षी का नाम शामिल होने की जानकारी मिलते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर मीनाक्षी और उनके पति वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर एके गंगवार को बधाई दी। डॉक्टर मीनाक्षी इससे पूर्व भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री रह चुकी हैं। वर्तमान में वह भाजपा जिला मंत्री के पद पर जिम्मेदारी निभा रही हैं। संगठन में उनके अनुभव को देखते हुए महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जताई। डॉक्टर मीनाक्षी नवाबगंज की ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार की जेठानी हैं और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर एके गंगवार की धर्मपत्नी हैं। उनकी नियुक्ति की खबर सामने आने के बाद बधाई देने वालों का तांता लग गया। समर्थकों ने इसे संगठन में उनकी सक्रियता और कार्यों को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताया। गौरतलब है कि डॉक्टर एके गंगवार को नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट के मजबूत दावेदारों में माना जा रहा है। ऐसे में डॉक्टर मीनाक्षी को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने को क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

डॉक्टर मीनाक्षी बोलीं- पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगी जिम्मेदारी



नवाबगंज। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉक्टर मीनाक्षी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत के साथ करेंगी। संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। डॉक्टर मीनाक्षी ने कहा कि भाजपा की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही महिलाओं को संगठन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वह महिला मोर्चा को मजबूत बनाने और पार्टी के संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से भाजपा आगामी चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

प्रेमिका का दबाया गला, मरा जानकर खुद ही पहुंच गया थाने

बहेड़ी। नगर के जाजूनागर मोहल्ले में रविवार दोपहर उस समय पुलिस में हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने थाने पहुंचकर अपनी प्रेमिका की गला दबाकर हत्या करने की बात कही। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन महिला सुरक्षित मिल गई। इसके बाद पुलिस दोनों को थाने ले आई। महिला की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, बलवीर पुत्र धर्मवीर पिछले करीब दो महीने से जाजूनागर में किराये के मकान में महिला के साथ रह रहा था। रविवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में बलवीर ने महिला का गला दबा दिया। इसके बाद उसे मृत समझकर वह थाने पहुंच गया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस युवक को लेकर मौके पर पहुंची और मकान में महिला की तलाश की। इसी दौरान महिला सुरक्षित मिल गई। सूचना पर सीओ अरुण कुमार सिंह भी पहुंच गए। कोतवाल ने बताया कि महिला का मेडिकल कराकर तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बेटी का जन्मदिन, गोवंशों को फल-गन्ना

जागरण मोर्चा कार्यालय



फतेहगंज पश्चिमी। विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी हर्ष चौहान ने रविवार, 18 अक्टूबर को अपनी पुत्री मिशिका का प्रथम जन्मदिन अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने रफियाबाद स्थित वृहद गौशाला में संचालित गोसंरक्षण केंद्र पहुंचकर निराश्रित गोवंशों की सेवा की। उनकी इस पहल की लोगों ने जमकर सराहना की।

इस अवसर पर हर्ष चौहान ने गौशाला में संरक्षित गोवंशों को एक ट्रॉली गन्ना, पशु आहार और सेब, केले, ड्रैगन फ्रूट, मौसमी व तरबूज सहित कई फल खिलाए। इस दौरान वे अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे। उनके साथ भूपेंद्र गंगवार, अंकित गंगवार, कमल गंगवार, गौशाला में कार्यरत केयरटेकर और अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हर्ष चौहान ने गौशाला की व्यवस्थाओं पर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गौशाला में बीमार गोवंशों को सुरक्षित रखने और उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए परिसर में ही सिक वार्ड (बीमार पशुओं के लिए विशेष वार्ड) बनाया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला में तैनात सभी केयरटेकर को परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और गोवंशों की उचित देखभाल करने के निर्देश भी दिए।

कमरे में बंद मिला अधेड़ का शव

फतेहगंज पूर्वी। नगर की लेखपाल कॉलोनी में रविवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में 50 वर्षीय रोशन राठौर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक आंवला तहसील क्षेत्र का निवासी था और लंबे समय से कॉलोनी में रहकर मेहनत-मजदूरी करता था। रविवार दोपहर करीब तीन बजे रिश्तेदारों ने कमरे का दरवाजा बंद होने और सुबह से हलचल नहीं होने की सूचना पुलिस को दी। मृतक यहां अकेले रहता था। बताया जा रहा है कि वह शराब का आदी था, हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत की वजह स्पष्ट होगी।

क्लासीफाइड

संबंध विच्छेद

मैंने अपने छोटे पुत्र सुनील कुमार पुत्र महेश चंद्र एवं पुत्रवधू स्नेही पत्नी सुनील कुमार को उनके ग़लत चाल चलन व मेरे प्रति ग़लत व्यवहार करने के कारण मैं उन्हें अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-महेश चंद्र पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम इनायतपुर पोस्ट धौंरेरा तहसील व थाना नवाबगंज जिला बरेली

बिकाऊ है

तीन मंजिल दुकान ब्लॉक रोड मुथूट फाइनेंस के सामने गली में रोड से दूसरी दुकान जिसका एरिया 12 फीट रोड फ्रंट और गहराई 9:30 फिट है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें मोबाइल नंबर 9627 739 857

खोया-पाया

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0816113 अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

-सवानाज बी पुत्री रहमत शाह निवासी ग्राम लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर तहसील नवाबगंज जिला बरेली



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



पप्पू गिरधारी की बढ़ीं मुश्किलें, बरेली पहुंची उत्तराखंड पुलिस की एसआईटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ मंत्री रेखा आर्या की शिकायत पर जांच तेज, पुराने मुकदमों और कंपनी दस्तावेजों की पड़ता

▶ जैन दंपती हत्याकांड की सुनवाई भी चार नवंबर को

बरेली। उत्तराखंड सरकार की कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या और उनके पति पप्पू गिरधारी उर्फ गिरधारी लाल साहू के बीच विवाद अब बरेली तक पहुंच गया है। रेखा आर्या की शिकायत पर दर्ज मुकदमे की जांच कर रही उत्तराखंड पुलिस की एसआईटी ने बरेली में साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच में गिरधारी के पुराने मुकदमों, कंपनियों से जुड़े दस्तावेजों और लगाए गए आरोपों की पड़ताल की जा रही है। देहरादून के एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के मुताबिक, मामले से जुड़े कुछ तथ्य बरेली से संबंधित हैं। इसी के चलते जांच टीम वहां जानकारी और साक्ष्य जुटा रही है। उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जैन दंपती हत्याकांड में भी आरोपी : गिरधारी लाल साहू का नाम बरेली के चर्चित जैन दंपती हत्याकांड में भी शामिल है। करीब 35 साल पहले सिविल लाइंस स्थित आवास पर नरेश जैन और उनकी पत्नी पुष्पा जैन की हत्या हुई थी। इस मामले में गिरधारी समेत कई लोग आरोपी हैं। मुकदमे की अगली सुनवाई चार नवंबर को एडीजे-10 की अदालत में निर्धारित बताई गई है। इस मामले में आरोपों का अंतिम फैसला अदालत को करना है।

संपत्ति और ऑडियो को लेकर आरोप-प्रत्यारोप : विवाद के बीच करोड़ों रुपये की संपत्ति और एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को लेकर भी दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे सामने आए हैं। गिरधारी ने वीडियो जारी कर रेखा आर्या पर 210 करोड़ रुपये की कथित अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। मंत्री ने इन आरोपों को निराधार बताया है। वायरल ऑडियो को लेकर भी दोनों के दावे अलग-अलग हैं। गिरधारी इसे एआई से तैयार बताते हैं, जबकि रेखा आर्या ने इसकी सत्यता का दावा किया है। रेखा आर्या ने पति पर कथित फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए कंपनियों के निदेशक पद से हटाने, उत्पीड़न और अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं। गिरधारी इन आरोपों से इनकार कर चुके हैं। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। बरेली पुलिस के रिकॉर्ड में गिरधारी के खिलाफ 39 मुकदमे दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि, इन मामलों की वर्तमान स्थिति अलग-अलग है। फिलहाल एसआईटी की जांच और अदालतों में लंबित मुकदमों की कार्यवाही पर नजर बनी हुई है। जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग

नवाबगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज में सरकारी अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने और निशुल्क जांच सुविधा बहाल कराने की मांग उठी है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नगर अध्यक्ष हरिशंकर गंगवार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

पत्र में बताया गया कि संगठन पिछले कई वर्षों से सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन समय पर अल्ट्रासाउंड जांच नहीं हो पाने से परेशानी होती है। पहले गर्भवती महिलाओं को निजी केंद्रों पर निशुल्क जांच के लिए पर्ची दी जाती थी, लेकिन वर्तमान में यह सुविधा भी बंद है। इससे गरीब और ग्रामीण महिलाओं को महंगी जांच करानी पड़ रही है।

कार के नाम पर 1.40 लाख रुपये लिए, न गाड़ी दी न रकम लौटाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ रुपये मांगने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप, इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

बरेली। कार खरीदने का सौदा करने के बाद एक व्यक्ति से 1.40 लाख रुपये लेने और न गाड़ी देने, न रकम लौटाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो उसे कथित तौर पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी गई।

शिकायत के आधार पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इज्जतनगर क्षेत्र के अधलखिया निवासी प्रेम सिंह के मुताबिक, उन्होंने भगवानपुर धीमरी निवासी वीरेंद्र से चार लाख एक हजार रुपये में स्विफ्ट डिजायर कार (यूपी 25 डीबी 8301) खरीदने का सौदा तय किया था। 27 मई 2026 को दो गवाहों की मौजूदगी में एक लाख 40 हजार रुपये नकद दिए थे। तय हुआ था कि फाइनेंस की बकाया किस्तें जमा होने और एनओसी मिलने के बाद कार उनके नाम ट्रांसफर कराई जाएगी। प्रेम सिंह का आरोप है कि करीब पांच दिन बाद कार मांगी तो वीरेंद्र टालमटोल करने लगा। काफी इंतजार के बाद भी न कार मिली और न रुपये लौटाए गए। पीड़ित के अनुसार, 20 सितंबर को वह रकम मांगने वीरेंद्र के घर पहुंचे। आरोप है कि वहां वीरेंद्र, उसकी पत्नी नीतू और बेटी निहारिका ने रुपये लौटाने से इनकार किया और दबाव बनाने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद प्रेम सिंह ने 17 अक्टूबर को इज्जतनगर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक चुनाव की तैयार की रणनीति

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन में भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो के रामपुर बाग स्थित चुनाव कार्यालय पर रविवार को कैंट विधानसभा की संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक की गई।

कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक चुनाव को सफलतापूर्वक जीतने के लिए रणनीति तैयार की। बैठक में 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान की तैयारियों, संगठनात्मक रणनीति और मतदान प्रतिशत बढ़ाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पूरी सक्रियता और प्रतिबद्धता से चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

इस दौरान डॉ. सीपीएस चौहान, एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महानगर उपाध्यक्ष प्रभु दयाल लोधी, महानगर महामंत्री विष्णु शर्मा, केशव गुप्ता जी सहित कैंट विधानसभा के समस्त मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

शाही थाने में दो पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, हेड कांस्टेबल और महिला सिपाही सस्पेंड

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। शाही थाने में तैनात हेड कांस्टेबल और महिला सिपाही को अनुशासनहीनता के मामले में निलंबित कर दिया गया है। दोनों के बीच कथित प्रेम प्रसंग की चर्चा पुलिस अधिकारियों तक पहुंची थी। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने सीओ मीरगंज को जांच सौंपी। जांच रिपोर्ट में अनुशासनहीनता की पुष्टि होने के बाद शनिवार देर रात दोनों के निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू करा दी गई है। जानकारी के मुताबिक, हेड कांस्टेबल शादीशुदा है, जबकि महिला सिपाही अविवाहित है। दोनों के बीच लंबे समय से नजदीकियां होने की बात सामने आई थी। थाने में इसको लेकर चर्चाएं होने लगी थीं। सूत्रों के अनुसार, एक दरोगा ने दोनों को एक कमरे में साथ देखा था। इसके बाद उन्होंने थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी को मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने उच्चाधिकारियों को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी ने मामले की जांच सीओ मीरगंज अजय कुमार को सौंपी। जांच के दौरान दोनों पुलिसकर्मियों के आचरण और विभागीय अनुशासन से जुड़े पहलुओं की पड़ताल की गई। रिपोर्ट मिलने के बाद एसएसपी ने दोनों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने दोनों पुलिसकर्मियों के निलंबन की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में अनुशासन बनाए रखने के लिए नियमों के तहत कार्रवाई की जाती है। फिलहाल दोनों के खिलाफ विभागीय जांच जारी है।

कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। समाजवादी पार्टी की ओर से पूर्व जिला उपाध्यक्ष नूतन शर्मा के नेतृत्व में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं का तिलक-पूजन कर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान महिलाओं के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रहे, जबकि अध्यक्षता शमीम खां सुल्तानी ने की। संचालन जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। शुभलेश यादव ने कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला हैं। उनकी सुरक्षा, समानता और सम्मान सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और राजनीति सहित प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि महिला सम्मान को केवल आयोजनों तक सीमित न रखकर व्यवहार में अपनाना जरूरी है। आयोजक नूतन शर्मा ने कहा कि समारोह का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को पहचान देना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मंडल प्रभारी एवं शिक्षक एमएलसी जसवीर वाल्मीकि ने भी महिलाओं और कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में सुरेंद्र सोनकर, दिनेश यादव, रामप्रकाश यादव लल्ला, राजेश मौर्य, अरविंदर सिंह बेदी, मोहम्मद वसीम, ज़ेनव फातिमा, स्मिता यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

घर से लापता हुए दो किशोर आठ घंटे में मिले, परिजनों ने ली राहत की सांस

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। घर से बिना बताए निकले दो नाबालिग दोस्तों को बारादरी पुलिस ने आठ घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। दोनों के मिलने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद किशोरों को उनके परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक, 17 अक्टूबर को जोगी नवादा निवासी राजकुमार ने डायल-112 पर सूचना दी कि उनका 16 वर्षीय बेटा कुनाल अपने दोस्त हिमांशु के साथ घर से कहीं चला गया है। हिमांशु की उम्र भी करीब 16 वर्ष है और वह सम्राट अशोक नगर का रहने वाला है। काफी तलाश के बाद भी दोनों का पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए बारादरी पुलिस ने दोनों किशोरों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी और स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाई। इस दौरान दोनों के एक साथ जाने की जानकारी मिली। तलाश करते हुए पुलिस टीम सैटेलाइट बस स्टैंड पहुंची, जहां से दोनों किशोरों को सकुशल बरामद कर लिया गया। इसके बाद दोनों के परिजनों को थाने बुलाया गया। पुलिस ने कुनाल को उसके पिता राजकुमार और हिमांशु को उसके पिता चोखेलाल के सुपुर्द कर दिया। दोनों किशोरों को बरामद करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध मुकेश कुमार, जोगी नवादा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजीव प्रकाश, हेड कांस्टेबल सुमित कुमार और कांस्टेबल पवन नागर शामिल रहे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दोनों किशोर सुरक्षित अपने परिवारों तक पहुंच गए।

दो कारों की भिड़ंत में दो लोग घायल

फतेहगंज पूर्वी। द्वारिकेश चीनी मिल के समीप हाईवे पर सुबह हल्के कोहरे और तेज रफ्तार के चलते दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हो गए।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें पलट गईं। जानकारी के अनुसार, बरेली की ओर से आ रही एक कार सामने से रांग साइड में आ रही दूसरी कार से टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल चालकों को उपचार के लिए बरेली भेज दिया। हादसे के कारण हाईवे पर बरेली की ओर आने वाला यातायात काफी देर तक बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कारों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका। घायलों के नाम की जानकारी नहीं मिल सकी।

संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप



फरीदपुर (बरेली)। संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता गर्भवती की हुई मौत। दहेज की मांग के चलते ससुराल वालों की प्रताड़ना को मृत्यु का कारण बताते हुए मृतका के परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है।

मृतका के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बहन आरती का विवाह विगत वर्ष 29 नवंबर को कस्बे के मोहल्ला परा निवासी प्रदीप पुत्र स्व.तोले राम के साथ किया था। हैसियत से बढ़कर दान-दहेज भी दिया था लेकिन विवाह के तुरंत बाद से ही पति प्रदीप, देवर रवि, सास लीलावती तथा ननद प्रीति व सोनी कम दहेज लाने का ताना मारते हुए आरती को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ना देने लगे। अतिरिक्त दहेज और रुपयों की मांग पूरा न करने पर आरोपीगण आरती के साथ बेरहमी से मारपीट करते थे। आरती गर्भवती थी इसके बावजूद आरोपीगणों ने अपनी दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई लेकिन ससुराल वालों ने उसका इलाज नहीं कराया। जानकारी के अनुसार प्रदीप पत्नी व परिवार को साथ लेकर रुद्रपुर में रहकर नौकरी करता था। वहीं आरती की तबीयत बिगड़ी तो वह उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। शनिवार की मध्य रात्रि लगभग 1 बजे मायके वालों को सूचना मिली कि आरती की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद रविवार को मायके वाले फरीदपुर पहुंचे और बहन की हत्या किए जाने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। आवेशित परिजनों ने मृतका के पति प्रदीप व उसके भाई रवि व परिजनों के साथ मारपीट भी की। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित पाण्डेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक एमएलसी चुनाव के दिन बरेली में ड्राई डे, शराब की दुकानें रहेंगी बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

वैकल्पिक पहचानपत्र भी मान्य

मतदाता पहचानपत्र नहीं होने पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट समेत निर्धारित 10 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक से पहचान प्रमाणित की जा सकेगी। दिव्यांग मतदाता दिव्यांगता प्रमाणपत्र या यूडीआईडी कार्ड दिखा सकेंगे।

बरेली। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 23 अक्टूबर को मतदान के दिन जिले में ड्राई डे घोषित किया गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के आदेश पर शराब और भांग की दुकानों के साथ मदिरा की बिक्री व आपूर्ति पर भी रोक रहेगी। आदेश के मुताबिक, देसी शराब की दुकानों, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, बार और भांग की फुटकर दुकानों पर बिक्री नहीं होगी। शराब के थोक अनुज्ञापनों, सीएसडी डिपो तथा सैन्य और अर्द्धसैनिक बलों की कैंटीनों में भी मदिरा की बिक्री व आपूर्ति प्रतिबंधित रहेगी। डिस्टलरी और मदिरा उत्पादक इकाइयों से भी आपूर्ति नहीं की जा सकेगी। शिक्षक एमएलसी चुनाव में भाजपा के डॉ. हरि सिंह ढिल्लों और सपा के हाजी दानिश अख्तर समेत कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 15 निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह आठ से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को कराई जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक पूरी होगी।

रामलीला के मंच पर बार बालाओं के ठुमके, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप



जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भगवान श्रीराम के आदर्शों और मर्यादा का संदेश देने वाली रामलीला में बार बालाओं के डांस का वीडियो सामने आने के बाद आयोजन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बड़ा बाग हनुमान मंदिर के पास हॉटमैन मैदान में चल रही प्राचीन रामलीला के दौरान नौटंकी के मंचन का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसे लेकर लोग धार्मिक आयोजन की गरिमा और कार्यक्रमों के चयन पर सवाल उठा रहे हैं। रामलीला को भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। ऐसे में इसके मंच से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर विशेष सावधानी की अपेक्षा की जाती है। वायरल वीडियो के बाद चर्चा है कि रामलीला के दौरान नौटंकी का कार्यक्रम किसकी देखरेख में आयोजित किया गया और इसकी रूपरेखा किसने तय की थी। आयोजन में मेला कमेटी की भूमिका अहम मानी जा रही है। ऐसे में कार्यक्रम की अनुमति, कलाकारों के चयन और मंचन की व्यवस्था को लेकर कमेटी का पक्ष सामने आना जरूरी है। फिलहाल, इस संबंध में आयोजकों की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आने की जानकारी नहीं है। कार्यक्रम के दौरान कुछ बड़े नेताओं की मौजूदगी की चर्चा भी हो रही है, हालांकि उनके नाम और भूमिका की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए किसी व्यक्ति की जिम्मेदारी तय करने से पहले तथ्यों का सामने आना जरूरी है। रामलीला परिसर में पुलिस चौकी होने और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद कार्यक्रम आयोजित होने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, आयोजन की अनुमति या किसी नियम के उल्लंघन के संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वीडियो वायरल होने के बाद अब मेला कमेटी के जवाब पर नजर है। आयोजकों को स्पष्ट करना होगा कि नौटंकी के मंचन का निर्णय किस आधार पर लिया गया और धार्मिक आयोजन की परंपरागत मर्यादा का ध्यान किस तरह रखा गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश,
बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

स्लूश वॉल की रॉड खराब, सोथा में पानी की सप्लाई प्रभावित

बदायूं। घंटाघर स्थित ओवरहेड टैंक की स्लूश वॉल की रॉड खराब होने से मोहल्ला सोथा समेत आसपास के इलाकों में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। जलकल अभियंता नितिन सक्सेना ने बताया कि रविवार सुबह स्लूश वॉल की रॉड खराब होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। सोमवार शाम तक स्लूश वॉल को दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करा दी जाएगी।

मॉर्निंग रेड में बिजली विभाग ने वसूले 3.50 लाख रुपये, 83 कनेक्शन काटे

बिसौली। नगर में बिजली चोरी रोकने और बकाया वसूली के लिए बिजली विभाग ने मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। स्पेशल टीम ने विभिन्न मोहल्लों में 150 बिजली कनेक्शनों की जांच की। बकाया जमा नहीं करने और अवैध कनेक्शन के मामलों में 83 कनेक्शन काट दिए गए। अभियान के दौरान 3 .50 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया। एसडीओ विकास राजपूत ने बताया कि बिजली चोरी रोकने और बकाया वसूली के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने की अपील की।

अधिकारियों को गुमराह कर खुसरो डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष समेत छह पर कराया झूठा मुकदमा

▶ पीड़ितों ने झूठा मामला दर्ज कराने वालों पर की कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सरौरी के पास स्थित खुसरो डिग्री कॉलेज की जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है। कॉलेज के अध्यक्ष शेर अली जाफरी समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़ित पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शेर अली जाफरी का आरोप है कि जमीन से संबंधित दस्तावेजों की समुचित जांच किए बिना अधिकारियों को गुमराह कर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वर्ष 2014 में कुंडली देवी से शेर अली जाफरी ने करीब 20 बीघा जमीन खरीदी थी। इसके बाद इस जमीन पर खुसरो डिग्री कॉलेज का संचालन शुरू हुआ, जो करीब दस वर्षों तक चला। वर्ष 2025 में कॉलेज की मान्यता सरेंडर कर दी गई। इसके बाद जमीन का बैनामा वैभव अग्रवाल के पक्ष में कराया गया। बताया गया है कि जमीन कल्पना देवी मेमोरियल ट्रस्ट के लिए खरीदी गई है, जहां अब इंटर कॉलेज संचालित करने की योजना है। इस बीच दिल्ली निवासी जितेंद्र सिंह भी जमीन पर अपना अधिकार जता रहे हैं। वहीं, वैभव अग्रवाल का कहना है कि उनके पक्ष में विधिवत रजिस्टर्ड बैनामा है और उन्होंने इससे संबंधित दस्तावेज पुलिस को सौंपे हैं। जमीन के स्वामित्व को लेकर दोनों पक्षों के दावों के बीच विवाद बना हुआ है। शेर अली जाफरी ने आरोप लगाया कि जमीन के अभिलेखों की पड़ताल किए बिना उनके समेत छह लोगों को मुकदमे में नामजद कराया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बैनामे और अन्य दस्तावेजों का सत्यापन कराकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही शिकायत में झूठे तथ्य पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, जमीन के स्वामित्व और मुकदमे में लगाए गए आरोपों की वास्तविक स्थिति पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।





शेर अली जाफरी, जमीन विक्रेता।



वैभव अग्रवाल, जमीन के खरीददार।

खुसरो डिग्री कॉलेज की जमीन बिकने के बाद जागा जितेंद्र का दावा, 14 साल तक क्यों नहीं दर्ज कराया मुकदमा?

जमीन की बिक्री के बाद पुराने विवाद ने पकड़ा तूल

देवेश मिश्रा

बदायूं। वजीरगंज थाना क्षेत्र के सरौरी गांव के पास स्थित खुसरो डिग्री कॉलेज की जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कॉलेज की जमीन की खरीद-बिक्री के बाद जितेंद्र की ओर से जमीन पर दावा किए जाने और मुकदमा दर्ज होने के मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि जमीन को लेकर विवाद पहले से था, तो संबंधित पक्ष ने करीब 14 साल तक मुकदमा दर्ज कराने की पहल क्यों नहीं की? जमीन की बिक्री के बाद ही मामला सामने आने से पूरे प्रकरण को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मामले में एक पक्ष का आरोप है कि जमीन की बिक्री के बाद पुराने विवाद को उठाकर कॉलेज के अध्यक्ष समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जमीन के स्वामित्व और खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच होने पर वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। हालांकि, इन आरोपों की सत्यता पुलिस की जांच और संबंधित अभिलेखों के परीक्षण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

मानहानि की कार्रवाई की तैयारी

पीड़ित पक्ष का कहना है कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और इससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। इसी आधार पर वे न्यायालय के माध्यम से मानहानि का मामला दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि जांच में आरोप गलत पाए जाते हैं, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। अब सभी की निगाहें पुलिस की विवेचना पर टिकी हैं। देखना होगा कि जांच में जमीन के वास्तविक स्वामित्व, खरीद-बिक्री के दस्तावेजों और मुकदमे में लगाए गए आरोपों को लेकर क्या तथ्य सामने आते हैं। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण होगा कि यदि किसी पक्ष की ओर से जानबूझकर गलत तथ्य प्रस्तुत करने की पुष्टि होती है, तो कानून के अनुसार क्या कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल, खुसरो डिग्री कॉलेज की जमीन का यह विवाद केवल दो पक्षों के दावों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया और जांच की निष्पक्षता को लेकर भी चर्चा का विषय बन गया है। मामले का अंतिम सच दस्तावेजों, साक्ष्यों और निष्पक्ष कानूनी जांच के बाद ही सामने आ सकेगा।



ब्योली गांव में लगे कैंप में दवा लेते मरीज। -जागरण मोर्चा

रामदाड़ी में स्वास्थ्य शिविर, 80 मरीजों की जांच में डेंगू के दो मरीज मिले

जागरण मोर्चा कार्यालय

सैदपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के अंतर्गत ग्राम रामदाड़ी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुल 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिनमें 50 मरीजों को बुखार की दवाइयां दी गईं। जांच के दौरान डेंगू के दो मरीज भी मिले। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने गांव पहुंचकर मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। इस दौरान ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव, साफ-सफाई रखने, घरों के आसपास पानी जमा न होने देने और बुखार होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. राजीव वार्ष्णेय, डॉ. ब्रजेश, लैब टेक्नीशियन नितिन सहित स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई।

ब्योली में 94 मरीजों का परीक्षण, 88 को दी बुखार की दवा

सैदपुर। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ग्राम ब्योली में भी स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य टीम ने कुल 94 मरीजों को देखा, जिनमें 88 मरीजों को बुखार की दवाइयां दी गईं। शिविर के दौरान मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी लेकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को बुखार, डेंगू और अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों को पनपने से रोकने तथा आसपास जलभराव न होने देने की सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सलमान अंजुम और लैब टेक्नीशियन कौशलेन्द्र सिंह ने मरीजों की जांच एवं उपचार संबंधी कार्य किए। इस मौके पर समाजसेवी विश्वनाथ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए गांवों में शिविर लगाकर मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

बालिका सुरक्षा: मुजरिया पुलिस सतर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुजरिया। मिशन शक्ति फेज-6 के तहत महिला सशक्तीकरण और बालिका सुरक्षा को लेकर मुजरिया पुलिस सक्रिय है। पुलिस टीम क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में छात्राओं के आने-जाने के समय सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रही है।

साथ ही महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। थानाध्यक्ष नीरज कुमार और मिशन शक्ति प्रभारी एसआई कमरुद्दीन के निर्देशन में पुलिस टीम कॉलेज खुलने और बंद होने के समय ड्यूटी करती है। इसका उद्देश्य छात्राओं को असामाजिक तत्वों से सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना और उनमें सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना है। टीम स्कूल-कॉलेजों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण से जुड़े संदेश देकर जागरूक कर रही है। अभियान के तहत पुलिस छात्राओं को सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी परेशानी की स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित कर रही है। ड्यूटी के दौरान कांस्टेबल सुमन यादव, सीमा, मोनू बैंसला और प्रशांत कुमार मौजूद रहे।



स्कूल की छुट्टी के समय तैनात पुलिस जांच करती हुई। -जागरण मोर्चा

गंगा एक्सप्रेस-वे पर हादसे में इंजीनियर की मौत

इस्लामनगर। गंगा एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बुलेट सवार इंजीनियर आदर्श तिवारी (25) की मौत हो गई। वह ग्रेटर नोएडा में नौकरी करते थे और छुट्टी लेकर प्रतापगढ़ स्थित घर लौट रहे थे। इस्लामनगर क्षेत्र के भुसाया गांव के सामने पीछे से आए वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आदर्श परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी नौकरी लगने के बाद पिता शशिकांत तिवारी शादी की तैयारियों में जुटे थे। बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य नवरात्र-विजयादशमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मीरा चौकी स्थित श्री राम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवरात्रि एवं विजयादशमी का पावन पर्व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को धारण कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कालिका प्रसाद गंगवार ने कन्या पूजन तथा मां दुर्गा और भगवान श्रीराम की आरती कर किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मां दुर्गा के नौ स्वरूपों, नारी शक्ति और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के नौ स्वरूप नौ शक्तियों के प्रतीक हैं। मां के आशीर्वाद से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार होता है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति श्रद्धा और सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम प्रमुख आचार्या रूपाली रस्तोगी और सेजल सक्सेना रहीं। इस मौके पर रुचि चौहान, शिवांगी वैश्य, प्रीति गुप्ता, ज्योति वाला सक्सेना, पूजा शर्मा, विनीता सिंह, आरती पाठक, द्रोपा पटेल, श्रुति साहू सहित विद्यालय का समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा।



स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

बिल्सी क्षेत्र में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के हैदलपुर गांव में शनिवार रात युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हैदलपुर निवासी प्रदीप कुमार (29) का शव शनिवार रात घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। युवक ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मिशन शक्ति फेज-6 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत रविवार को नगला शर्की मंदिर में महिला थाना पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह और महिला थाना मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को एकत्रित कर उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सहायता के लिए सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन गरुड़, ऑपरेशन शील्ड, ऑपरेशन डेस्ट्राय, ऑपरेशन खोज, ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन मजनू, ऑपरेशन नशामुक्ति, ऑपरेशन रक्षा और ऑपरेशन ईगल के बारे में बताया गया। साथ ही शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला पुलिस बीट अधिकारी, महिला साइबर सेल, महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के परामर्श केंद्र और पिंक बूथ जैसी सुविधाओं की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, निशुल्क बालिका शिक्षा योजना और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित महिलाओं के कल्याण एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। इस दौरान आपातकालीन पुलिस सहायता के लिए 112, अग्निशमन सेवा के लिए 101, एंबुलेंस सेवा के लिए 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर अपराध की शिकायत के लिए 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं से किसी भी समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में चुप न रहने और उपलब्ध सहायता सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।



मंदिर के बाहर महिलाओं को जागरूक करती थाना महिला पुलिस। -जागरण मोर्चा

ओवरलोडिंग पर परिवहन विभाग की कार्रवाई, 10 वाहनों के चालान

चार लाख रुपये का जुर्माना वसूला, अभियान जारी रखने के निर्देश

बदायूं। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन अभियान चलाया। अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहे 10 वाहनों के चालान किए गए। विभाग ने इन वाहनों से चार लाख रुपये का जुर्माना भी वसूल किया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हरिओम और यात्री/माल कर अधिकारी अभिनव चौधरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों और स्वामियों को निर्धारित भार क्षमता के अनुरूप ही वाहनों का संचालन करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा अधिक भार के कारण सड़कें और पुल भी क्षतिग्रस्त होते हैं, जिससे आमजन की सुरक्षा प्रभावित होती है। विभाग ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और निर्धारित क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

नेकपुर में बिना पंजीकरण संचालित हो रहा स्टार नर्सिंग होम, मरीजों की सुरक्षा पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जिले के नेकपुर क्षेत्र में स्टार नर्सिंग होम के कथित तौर पर बिना पंजीकरण संचालित होने का मामला सामने आया है। इससे स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था और मरीजों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि संबंधित अस्पताल में आवश्यक पंजीकरण और मानकों की जांच किए बिना मरीजों का इलाज किया जा रहा है। जिले में समय-समय पर कथित फर्जी अस्पतालों और अवैध रूप से संचालित चिकित्सा केंद्रों को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों में मरीजों की जान पर खतरा बना रहता है। इसके बावजूद यदि बिना पंजीकरण के कोई नर्सिंग होम संचालित हो रहा है, तो यह स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। स्थानीय स्तर पर मामले की जांच कराए जाने और संबंधित नर्सिंग होम के पंजीकरण, चिकित्सकों की योग्यता तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की पड़ताल करने की आवश्यकता है।

हालांकि, स्टार नर्सिंग होम के बिना पंजीकरण संचालित होने के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन मामले का संज्ञान लेकर जांच कराते हैं या नहीं। लोगों ने मांग की है कि जांच में अनियमितताएं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि मरीजों की जान और स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो सके।



संचालित होता स्टार अस्पताल।

बीकेयू चढूनी का धरना दसवें दिन भी जारी, समस्याओं के समाधान की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के जिला अध्यक्ष सतीश साहू के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर चल रहा धरना रविवार, 18 अक्टूबर को दसवें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे किसानों ने अपनी समस्याओं का समाधान न होने पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की।

जिला महासचिव ने आरोप लगाया कि बीएसएनएल कार्यालय के पीछे नाले की सरकारी जमीन पर डॉ. सारीक जनाब द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है। वहीं, उझानी थाना क्षेत्र के जूनइया निवासी भगवान दास और प्रेमवती पिछले दस दिनों से धरने पर बैठे हैं। उनका आरोप है कि इकरारनामा वाली उनकी कृषि भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। पीड़ितों का कहना है कि शिकायत के बावजूद अब तक प्रशासन ने उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया है। धरना दे रहे किसान नेताओं ने संबंधित मामलों की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर दिलशाद अब्बासी, शरीफ अब्बासी, रामसिंह, भगवान दास, प्रेमवती, कृष्ण अवतार, वीयुसू दास, आजम, नूरुद्दीन और अजीम मिस्त्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्पीड़न के खिलाफ सीएसपी संचालक एकजुट

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जिले में ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालकों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न और विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। 'दादी की रसोई' परिसर में हुई बैठक में विभिन्न बैंकों के सैकड़ों बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) और सीएसपी संचालक एक मंच पर जुटे। उन्होंने अपनी समस्याओं को उठाते हुए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा सहित जिले के विभिन्न बैंकों से जुड़े सीएसपी संचालकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि सीएसपी संचालक लंबे समय से मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उनकी समस्याओं और कथित उत्पीड़न के मामलों का समाधान किया जाना जरूरी है। बैठक में संचालकों ने कहा कि अलग-अलग बैंकों से जुड़े होने के बावजूद उनकी समस्याएं काफी हद तक समान हैं। ऐसे में सभी बीसी को एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी होगी, ताकि संबंधित स्तर पर समस्याओं का समाधान कराया जा सके। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर आंदोलनात्मक कदम उठाने पर विचार किया जाएगा। बैठक में सैकड़ों सीएसपी संचालकों के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बैंक कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com
बदायूं
5
लखनऊ, सोमवार, 19 अक्टूबर 2026

पीडीए ही तय करेगा सत्ता की चाबी : पूर्व मंत्री मानपाल सिंह

बिसौली में सपा की जनसंवाद चौपाल में सरकार पर साधा निशाना, कार्यकर्ताओं से गांव-गांव पहुंचाने का आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। समाजवादी पार्टी की ओर से बिसौली विधानसभा क्षेत्र में रविवार को पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मानपाल सिंह ने मौजूदा सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पीडीए ही सत्ता की चाबी तय करेगा। उन्होंने दावा किया कि देश और प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है तथा पीडीए वर्ग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो रहा है। चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज की भागीदारी लोकतंत्र में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों और विचारों को लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही आम जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें पार्टी के मंच पर उठाएं। मानपाल सिंह ने सरकार के विकास संबंधी दावों पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उनके संबोधन में पीडीए की एकजुटता और सामाजिक भागीदारी का मुद्दा प्रमुखता से रहा। कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए जनसंपर्क तेज करने पर चर्चा की। चौपाल में मौजूद नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह यादव ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी, जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी एडवोकेट राहुल यादव भीष्म, जिला उपाध्यक्ष खजाना देवी, भूपेंद्र कुमार, डालचन्द्र, इमरान खां, हरीश यादव, अफजाल फारूकी, धर्मचंद्र वाल्मीकि, एडवोकेट राजीव यादव, किशनवीर सिंह, रामखिलाड़ी यादव, सुमित सिंह, मेवाराम, रामनिवास यादव, सुभाष राजपूत, अनिल यादव, नेकराम सागर और अबरार अहमद सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पीडीए पंचायत कार्यक्रम में संबोधित करते सपा के नेता।


-जागरण मोर्चा

खेत की जुताई के दौरान रोटावेटर की चपेट में आकर किशोर की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिनावर, बदायूं। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ब्यौर में शनिवार शाम खेत की जुताई के दौरान हुए हादसे में 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। चलते ट्रैक्टर से संतुलन बिगड़ने के कारण किशोर नीचे गिरकर रोटावेटर की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को घर ले आए और पुलिस को सूचना दिए बिना गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया।

परिजनों के मुताबिक, गांव निवासी विजयवीर कश्यप का 17 वर्षीय पुत्र सुभाष कश्यप शनिवार शाम करीब आठ बजे अपने चचेरे भाई के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर खेत पर गया था। उसका चचेरा भाई ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। इसी दौरान चलते ट्रैक्टर पर सुभाष का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर रोटावेटर की चपेट में आ गया। हादसे के समय उसके पिता भी खेत पर मौजूद थे। किशोर को गंभीर हालत में देखकर उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद ट्रैक्टर चला रहे उसके चचेरे भाई ने ट्रैक्टर रोककर रोटावेटर में फंसे सुभाष को बाहर निकाला। परिजन उसे निजी वाहन से इलाज के लिए बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। सुभाष हाईस्कूल का छात्र था। उसके पिता खेतीबाड़ी करते हैं। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सुभाष दो भाइयों में से एक था। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

ईको कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ ननिहाल जाते समय हुआ दर्दनाक हादसा, चालक फरार, सात भाइयों में चौथे नंबर पर था शिव सिंह

बदायूं। जिले में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार दोपहर करीब तीन बजे उसावां थाना क्षेत्र में गौतरा गांव के पास तेज रफ्तार ईको कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 20 वर्षीय शिव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ईको कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ननिहाल जाते समय हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक, अलापुर थाना क्षेत्र के सखानू कस्बा निवासी शिव सिंह रविवार को बाइक से पिपला गांव स्थित अपनी ननिहाल जा रहा था। वह गौतरा गांव के पास पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ईको कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घायल शिव सिंह को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के देरी से पहुंचने का आरोप भी लगाया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सात भाइयों में चौथे नंबर पर था शिव सिंह

बताया गया है कि मृतक शिव सिंह सात भाइयों में चौथे नंबर पर था। महज 20 वर्ष की उम्र में उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस घर में बेटे के ननिहाल जाने की बात थी, वहां हादसे की खबर पहुंचते ही मातम छा गया।

फरार चालक की तलाश में जुटी पुलिस

हादसे के बाद ईको कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ईको कार और बाइक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस फरार चालक की पहचान करने के साथ ही हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकराई, दो युवक घायल



बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र के सखानूं बस स्टैंड के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार कार 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन के पोल से टकरा गई। हादसे में कार सवार गौटिया गांव निवासी राहुल और सुनील घायल हो गए। दोनों हसनपुर हरियाई स्थित ननिहाल जा रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और पास स्थित वेज बिरयानी के ठेले का टट्टर टूटकर दूर जा गिरा। सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि चालक नशे में था।

काम के बहाने घर में घुसी महिलाएं, जेवर चोरी

बदायूं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के श्यामनगर में घरेलू काम के बहाने आईं दो अज्ञात महिलाएं सोने-चांदी के आभूषण समेत कीमती सामान चोरी कर ले गईं। पीड़ित दीपक गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दीपक के मुताबिक, 14 अक्टूबर की सुबह आठ से नौ बजे के बीच दोनों महिलाएं उनके घर पहुंचीं। इसी दौरान मौका पाकर सामान चोरी कर लिया। कुछ समय बाद परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में दोनों महिलाओं की तस्वीरें और वीडियो मौजूद हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच कर रही है।

कुंवरगांव में हरे पेड़ों पर चला आरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

कुंवरगांव। क्षेत्र में हरे पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आने के बाद वन विभाग में हलचल मच गई है। बनेई गांव में किसान के खेत से शीशम के तीन-चार हरे पेड़ काटे जाने का आरोप है। किसान की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कटी हुई लकड़ी कब्जे में ले ली और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, करीब दो दिन पहले नगर कुंवरगांव में भी पेड़ों के कटान की चर्चा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार रात बनेई गांव में शीशम के पेड़ों का कटान किया गया था। सोमवार सुबह इसकी जानकारी होने पर किसान समीरुल हसन ने वन विभाग को सूचना दी। आरोप है कि दुगरैय्या निवासी फहीम ने लकड़ी कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। वन दरोगा आदित्य गंगवार ने बताया कि मामले में उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि फहीम ने फोन पर उनसे अभद्रता की, जिसकी जानकारी पुलिस को किसान की जानकारी और वन विभाग की अनुमति के बिना पेड़ काटे। सूचना पर पहुंचे वन दरोगा आदित्य गंगवार और राम सिंह ने आरोपी को हिरासत में लिया है। वन क्षेत्राधिकारी विकास वरुण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में पहले भी अवैध कटान के आरोपों के बीच अब नगर में कथित तौर पर हुई घटना की जांच को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।


जांच करती वन विभाग की टीम। -जागरण मोर्चा

सहसवान: शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठक

▶ वोट बनाने के कार्य में तेजी लाने और शिक्षक एमएलसी चुनाव में जीत का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। भाजपा नगर मंडल सहसवान के सभी शक्ति केंद्रों पर आत्मनिर्भर मासिक बैठकें संपन्न हुईं। बैठकों में बूथ अध्यक्षों सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान मतदाता सूची में नए वोट बनवाने के कार्य में तेजी लाने और आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव में पार्टी की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इसी क्रम में मोहल्ला नसरुल्लागंज स्थित शक्ति केंद्र की बैठक सौरभ सक्सेना के आवास पर आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को गति देने पर जोर दिया गया। साथ ही आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से जुटने की अपील की गई। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक सौरभ सक्सेना, प्रभारी हिमांशु माहेश्वरी, मीडिया प्रभारी अभि सक्सेना, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, नीरज माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष खालिद हुसैन, मंडल उपाध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी, मंडल महामंत्री आदर्श सक्सेना और दीपक माहेश्वरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

धान की कटाई से इनकार पर युवती से छेड़छाड़

बिनावर। बिनावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के तीन लोगों पर छेड़छाड़, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। युवती के मुताबिक, 16 अक्टूबर को खुशपाल, रवि और राहुल ने उससे धान की कटाई करने को कहा। मना करने पर आरोपी नाराज हो गए। आरोप है कि खेत से लौटते समय उन्होंने उसे गलत नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने थाना पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

कांग्रेसियों से बदसलूकी पर आयोग सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जिला जेल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कथित बदसलूकी और उत्पीड़न के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने इस संबंध में आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। रविवार को उन्होंने बताया कि आयोग से ईमेल के माध्यम से केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। अजीत यादव के मुताबिक, तीन सितंबर 2026 को दातागंज कोतवाली में पुलिस हिरासत के दौरान मृत दलित युवक राजेश कोरी की विधवा रूपवती कोरी न्याय की मांग को लेकर अटसेना गांव में धरने पर बैठी थीं। उनका समर्थन करने पहुंचे अजीत यादव और तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अजीत यादव को हाउस अरेस्ट किया गया, जबकि विजय बहादुर, नवनीत यादव और सुभाष जाटव को जिला जेल भेजा गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जेल में तीन सितंबर की रात कार्यकर्ताओं के साथ बदसलूकी की गई, जातिसूचक शब्द कहे गए और उनसे लैट्रिन का गटर साफ कराया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मान और दलितों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही राजेश कोरी की मौत की न्यायिक जांच और उनकी विधवा को नौकरी, आवास व मुआवजा देने की मांग दोहराई।



जानकारी देते कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत यादव। -जागरण मोर्चा

रामलीला देखकर लौट रहे परिवार पर हमला

बदायूं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में रामलीला मेला देखकर लौट रहे परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित विकास पुत्र सत्यपाल के मुताबिक, 15 अक्टूबर की रात वह पत्नी उर्मिला और बहन सपना के साथ घर लौट रहा था। आरोप है कि कोटेदार के घर के सामने कुछ लोगों ने बाइक गिराकर तीनों के साथ मारपीट की। हमले में विकास के दो दांत टूट गए, जबकि पत्नी और बहन भी घायल हो गईं। पीड़ित ने जातिसूचक गालियां देने और आभूषण गायब होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भरतपुर में दौड़ प्रतियोगिता, विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

▶ सतीश प्रेमी ने की 22 नवंबर को बिसौली में विधानसभा स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता कराने की घोषणा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। विधानसभा क्षेत्र के गांव भरतपुर में रविवार को दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सतीश प्रेमी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ ही उन्हें रोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा।

उन्होंने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। साथ ही घोषणा की कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर 22 नवंबर 2026 को बिसौली में विधानसभा स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की 1600 मीटर दौड़ में सुमित यादव ने प्रथम, सुवनेश पाल ने द्वितीय और नितेंद्र प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में विपिन कुमार प्रथम, तपन कुमार द्वितीय और सतेंद्र कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 400 मीटर दौड़ में विकास कुमार ने पहला, चमन कुमार ने दूसरा और सुमित कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस दौरान विकास यादव, राजीव यादव, अंटू सागर, कपिल देव, रविंद्र यादव, आदित्य पटेल, हर्षित यादव, सुरजीत यादव, विकास शर्मा, पंकज दिवाकर, वीरेश मौर्य, यशवीर यादव, कुलदीप यादव और मोहम्मद शाकिर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


विजेताओं को ट्राफी भेंट कर सम्मानित करते सपा नेता सतीश प्रेमी। -जागरण मोर्चा

बदायूं लाते समय महिला की मौत

बदायूं। बिसौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव निवासी प्रियंका की शुक्रवार को इलाज के लिए बदायूं लाते समय रास्ते में मौत हो गई। पत्नी की तबीयत बिगड़ने पर राजा लाल उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

प्रियंका पिछले दो से ढाई वर्ष से बीमार चल रही थी। पति ने कई जगह उसका उपचार कराया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार को तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे बदायूं लाया जा रहा था। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन: भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो के समर्थन में शिक्षकों से जनसंपर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। आज बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो जी के समर्थन में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज आसफपुर मदन लाल इंटर कॉलेज बिसौली,गोस मोहम्मद इंटर कालेज दूनपुर गणेशी लाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओरछी केएम इंटर कालेज इस्लामनगर आदि में शिक्षकों से मुलाकात कर डॉ. ढिल्लो जी के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। शिक्षकों को भाजपा सरकार की शिक्षा नीति, शिक्षकों के हितों के लिए किये गये कार्यों और शिक्षक समुदाय के सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी कॉलेजों में शिक्षकों ने समर्थन का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, महावीर प्रसाद, गणेश गोयल, राजीव शर्मा, अतुल गुप्ता अखिलेश पाठक, मनोज गंगवार आदि साथ रहे।





जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

ईंट-भट्ठे से मजदूरी करने गया युवक लापता, परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

शाहजहांपुर। तिलहर क्षेत्र के एक गांव से रोजी-रोटी की तलाश में हरदोई जिले के लोनार थाना क्षेत्र स्थित ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करने गया एक परिवार उस समय संकट में पड़ गया, जब परिवार का कमाऊ बेटा अचानक लापता हो गया। परिजनों के मुताबिक, लापता युवक का आज तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित परिवार ने मामले में गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। परिवार अपने बेटे की तलाश और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है।



पुवायां रामलीला में हनुमान ने जलाई सोने की लंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। पुवायां में चल रही श्री रामलीला मेला में आज लंका दहन की लीला मंचन रामलीला के कलाकारों के द्वारा संजीव चित्रण किया गया। समय बहुत बलवान होता है सोने की लंका को रावण जैसा महान पराक्रमी नहीं बचा पाया बचेगा कोई भी व्यक्ति को अहंकार के वसी भूत हो जाता है और अहंकार में अंधा होकर नीति या नीति का फर्क भूल जाता है। माता सीता का पता लगाने गए राम भक्त हनुमान के द्वारा राक्षसों द्वारा उकसाने पर अशोक वाटिका नष्ट कर डाली गई और रावण पुत्र अक्षय कुमार का भी वध कर दिया गया जब मेघनाथ ने आकर युद्ध किया और तब हनुमान ने ब्रह्मास्त्र का सम्मान रखने के लिए स्वयं को बंधन में बांध लिया और रावण के समक्ष पेश हुए तत्पश्चात रावण के द्वारा अहंकार में आकर हनुमान को ना पहचान कर उनकी पूछ में आग लगाने के आदेश किए गए हनुमान ने जलती हुई पूछ से पूरी लंका को जलाकर खाकर दिया पूरी लंका में सारी त्राहिमाम मच गई आज लंका दहन की लीला देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष बच्चों की भीड़ लगी रही और जय श्री राम के नारे भी भीड़ लगती रही।



पुवायां में चल रही रामलीला मेला में लंका दहन की लीला मंचन करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

बंदी को आत्महत्या के लिए उकसाने में मां-बेटे गिरफ्तार

पुवायां, शाहजहांपुर। बंदी दीपक उर्फ टाइमपास को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने रविवार को महिला और उसके दो बेटों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बेटा नाबालिग है। तीनों को जेल भेज दिया गया है।

पुवायां थाना क्षेत्र के बितौनी गांव निवासी दीपक ने 16 अक्टूबर को कचहरी स्थित बंदी शौचालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसे पेशी के लिए कचहरी लाया गया था। मृतक के पिता बेचे ने मोरकली और उसके परिवार पर झूठा मुकदमा दर्ज कराने तथा तीन लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया था। आरोप है कि रुपये नहीं देने पर जेल में जिंदगी बिताने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने जांच के बाद मोरकली, उसके बेटे करन और एक नाबालिग बेटे को गिरफ्तार किया। अन्य आरोपियों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस देते हुए प्रदेश के कैबिनेट मिनिस्टर सुरेश खन्ना।

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मनोज अग्रवाल के निधन पर शोक जताया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विनायक अग्रवाल के चाचा स्वर्गीय मनोज अग्रवाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने हेतु केबिनेट मिनिस्टर कैंब्रिज कान्वेंट स्थितआवास पर पधारे कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना , के.सी. मिश्रा , एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं डॉक्टर रचित अग्रवाल मौजूद रहे।

कॉमनवेल्थ कबड्डी में अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी बने राहुल तोमर, जिले के खेल जगत में खुशी की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहजहांपुर। जिले के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक राहुल तोमर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शाहजहांपुर का मान बढ़ाया है। उन्हें प्रथम कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप-2026 में अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी (इंटरनेशनल टेक्निकल ऑफिशियल) के रूप में नामित किया गया है। इस उपलब्धि से जिले के शिक्षा और खेल जगत में खुशी की लहर है।

राहुल तोमर विकासखंड कलान के कंपोजिट विद्यालय गुल्लाह में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एकेएफआई) की ओर से जारी पत्र के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जय शंकर श्रीवास्तव ने उन्हें 19 अक्टूबर से दो नवंबर 2026 तक कार्यमुक्त करने का पत्र जारी किया है। प्रथम कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 21 से 30 अक्टूबर तक गुजरात के अहमदाबाद स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में राहुल तोमर मैचों के संचालन और तकनीकी व्यवस्थाओं से जुड़ी जिम्मेदारियां निभाएंगे। जिले से इस स्तर पर तकनीकी अधिकारी के रूप में चयनित होने की उनकी उपलब्धि को खेल जगत में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जय शंकर श्रीवास्तव ने राहुल तोमर को बधाई देते हुए कहा कि यह शाहजहांपुर जिले और बेसिक शिक्षा विभाग के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राहुल की इस उपलब्धि से जिले के खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और कबड्डी के विकास को बढ़ावा मिलेगा। राहुल तोमर की उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी एसपी बमनिया, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ. संजीव कनौजिया, विश्वनाथ प्रताप सिंह, मुदित सेठ, प्रेमपाल सिंह, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विनय गुप्ता, सचिव नरेंद्र त्यागी, जिला खो-खो संघ एवं शतरंज खेल संघ के सचिव विपिन अग्निहोत्री और सचिन प्रेमी सहित खेल जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



▶ शाहजहांपुर के शिक्षक को मिली बड़ी जिम्मेदारी

मिशन शक्तिः छात्रा अपर्णा मिश्रा बनी एक दिन थाना प्रभारी

शाहजहांपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने में संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा अपर्णा मिश्रा को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। जीआरपी इंस्पेक्टर रमाकर यादव ने छात्रा का स्वागत किया और थाने की कार्यप्रणाली से परिचित कराया। इस दौरान अपर्णा मिश्रा ने पुलिस के कामकाज को समझा और अधिकारियों से विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। उन्हें थाने में होने वाले कार्यों, पुलिस की जिम्मेदारियों और ड्यूटी रजिस्टर के रखरखाव के बारे में बताया गया। अभियान का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का पुवायां में हुआ ज़ोरदार अभिनंदन

▶ तीसरी बार ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए सिद्धार्थ कश्यप

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रहे सर्वेश शर्मा के प्रतिष्ठान पर सिद्धार्थ कश्यप को लगातार तीसरी बार ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा जिला मंत्री विपिन शुक्ला, युवा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष विपिन मिश्रा नगरिया सर्वेश शर्मा और कवि प्रदीप वैरागी ने फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। सिद्धार्थ कश्यप ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी अंतोदय के सिद्धांत को लेकर अपने स्थापना काल से ही कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि,"पार्टी की योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अन्तिम वर्ग को लाभान्वित करने के लिए वे सदैव संकल्परत हैं।" उन्होंने कहा कि एक- एक पार्टी कार्यकर्ता के सम्मान के लिए जी जान लगा दूंगा। विपिन शुक्ला, विपिन मिश्रा, सर्वेश शर्मा, एडवोकेट नीरज वर्मा, उमेश त्रिवेदी, पूर्व प्रधान और ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजीव राठौर आदि उपस्थित रहे।



नवनियुक्त ओबीसी भाजपा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप के आगमन पर स्वागत किया गया।

दहेज लोभियों ने गर्भवती महिला को पीटा, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र की एक गर्भवती महिला को दहेज के लिए बेरहमी से पीटने और जान से मारने की कोशिश का गंभीर मामला सामने आया है। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने पीड़िता को प्रताड़ित कर बेहोशी की हालत में घर से बाहर निकाल दिया। जब पीड़िता की माँ बीच-बचाव करने पहुँची, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत 6 ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव निवासी चांदनी का विवाह सितंबर 2025 में बरेली के आंवला क्षेत्र के ग्राम पडरी निवासी सूरज के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सूरज, सास सुमिक्षा, रंजीव, अजय, राजकुमारी और राजा अतिरिक्त दहेज के लिए चांदनी को प्रताड़ित कर रहे थे। वर्तमान में पीड़िता चार महीने की गर्भवती है, इसके बावजूद आरोपियों ने उसके साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं।

सूचना मिलने पर जब लड़की के माता-पिता उसके ससुराल पहुंचे, तो बेटी बेहोश पड़ी मिली। शाहबाद थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

शिक्षकों को मिला स्मार्ट क्लास का प्रशिक्षण

शाहजहांपुर। नगर संसाधन केंद्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जनपद स्तरीय एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें शिक्षकों को स्मार्ट क्लास और आईसीटी लैब के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के उपयोग से शिक्षण रोचक और प्रभावी बनाया जा सकता है। बच्चों को भी स्मार्ट क्लास चलाना सिखाएं। संचालन में समस्या आने पर कार्यालय को सूचित करें। एसआरजी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि कक्षा छह से आठ तक विज्ञान में कंप्यूटर साइंस के अंतर्गत एआई और कोडिंग की जानकारी देना आवश्यक है। प्रशिक्षण में सचिन वर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र जायसवाल, पंकज, कृष्ण कुमार सिंह, प्रगति गुप्ता और शैलेंद्र सिंह सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

शाहबाद में महिला ने समाधि लेने की सूचना पर दौड़ा प्रशासन, अधिकारियों के समझाने पर बदला फैसला

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के भुड़ासी गांव में महिला के द्वारा समाधि लेने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया, प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर महिला को समझाया और उनका समाधि लेने का फैसला पलट गया। रविवार को महिला ने मंदिर परिसर में समाधि के लिए गड्ढा खुदवा रखा था और भजन-कीर्तन शुरू करा दिए थे। सूचना पर सीओ देवकीनंदन और नायब तहसीलदार सचिन कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गड्ढे को मिट्टी डलवाकर पटवा दिया और महिला को ऐसा कदम न उठाने की हिदायत दी। एहतियात के तौर पर मंदिर परिसर में पुलिस तैनात कर दी गई। महिला के अनुसार, 21 फरवरी को उसने खेरो मंदिर में माता काली की मूर्ति स्थापित कराई थी। इसके बाद सपने में माता काली के दर्शन हुए और समाधि लेने की आज्ञा मिली। महिला का कहना है कि वह इसे माता रानी का आदेश मानकर तीन दिन से तैयारी कर रही थी। उसके पति और बच्चे इस फैसले से सहमत नहीं हैं। फिलहाल प्रशासन ने महिला को समाधि लेने से रोक दिया है।



भूड़ासी गांव में महिला के समाधि लेने की सूचना पर जमा हुई भीड़। -जागरण मोर्चा

पतंग उड़ाते समय लेंटर से गिरा मासूम, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र के सुहावा गांव में पतंग उड़ाते समय लेंटर से गिरकर घायल हुए 10 वर्षीय मासूम कासिम की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर सुहावा गांव निवासी गुड्डू का बेटा कासिम अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। अचानक पैर फिसलने से वह असंतुलित होकर सीधे नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में सात दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद मासूम ने दम तोड़ दिया। कासिम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है और पूरे गांव में शोक की लहर है।



▶ सात दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जुझता मासूम, उपचार के दौरान मौत

पुलिस उपनिरीक्षक पद पर चयन होने पर शिखर पाण्डेय का हुआ अभिनंदन

▶ जेवां गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिखर पाण्डेय को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां,शाहजहांपुर। रविवार को जेवां गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक और जेवां प्राथमिक विद्यालय के छात्र रहे प्राणेश्वर पाण्डेय एवं निर्दोष पाण्डेय के बड़े बेटे शिखर पाण्डेय का उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक पद पर चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंभू सिंह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक चंद्र शेखर और मित्र डॉ प्रदीप वैरागी ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया गया। बता दें कि इनके छोटे भाई प्रबल पाण्डेय का जून माह में वायुसेना में नियुक्ति मिली थी। हर्ष व्यक्त करने वालों में नगर विद्यार्थी विस्तारक अभय भटनागर, अभिषेक मिश्रा, लक्ष्मी कान्त मिश्रा,अर्पित मिश्रा, आदित्य पटेल, शुभम् सिंह, प्रभात शर्मा, राजीव दीक्षित, राजकमल शुक्ला आदि रहे।



पुलिस उप निरीक्षक पद पर चयन होने पर शिखर का सम्मान करते हुए लोग।



देवस्थान मंदिर में विशाल हवन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। नवरात्रि दुर्गा अष्टमी के शुभ दिन पर श्री देवस्थान मंदिर में शाम को विशाल हवन का आयोजन किया गया हवन में आहुतियां देने के लिए शुद्ध घी, हवन सामिग्री आदि पूजन सामग्री नगर के भक्ति एवं श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा मंदिर के हवनं मेंआहुति लाकरदी गई आज दुर्गा अष्टमी के दिन देवी स्थान मंदिर में महिलाओं की पूजन अर्चन करने के लिए भारी भीड़ लगी रही।

एथलेटिक प्रतियोगिता का हुआ समापन

शाहजहांपुर। परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में आयोजित जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक प्रतियोगिता का शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। बालक वर्ग की ओवरऑल चैंपियनशिप आदर्श बाल विद्या इंटर कॉलेज मीरानपुर कटरा और बालिका वर्ग की चैंपियनशिप नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज ने जीती। विभिन्न आयु वर्गों में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर और आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज सहित कई विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार ने अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। संयोजक डॉ. अमीर सिंह ने आभार जताया।



वीरेंद्र कुमार यादव एडवोकेट बने पुवायां विधानसभा अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव की अनुमति से संगठन में नई नियुक्ति की गई है। समाजवादी अधिवक्ता सभा, जनपद शाहजहाँपुर के जिलाध्यक्ष मुकेश यादव एडवोकेट ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार यादव को समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा का पुवायां विधानसभा अध्यक्ष नामित किया है। मनोनयन पत्र में जिलाध्यक्ष मुकेश यादव ने आशा व्यक्त की है कि नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे। मनोनयन की सूचना के बाद अधिवक्ता समाज व पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



रामबाग धाम में मंचित हुई श्री राम-हनुमान मिलन और लंका दहन की लीला, गूंजे जयकारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। श्री रामलीला नाट्य परिषद एवं रामबाग ट्रस्ट के तत्वावधान में रामबाग धाम के विशाल पावन मंच पर भव्य रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रविवार को श्री राम-हनुमान मिलन और लंका दहन की मनमोहक लीला का मंचन किया गया। यह आयोजन स्व. रुक्मणी देवी एवं स्व. सेठ महेंद्र पाल पंसारी की पावन स्मृति में उनके परिजनों सुरेश चंद्र गुप्ता, इंजी. प्रकाश चंद्र गुप्ता,शरद चंद्र लाले, श्री अतुल गुप्ता, और प्रशांत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया।

राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध : प्रथम दृश्य में भगवान श्री राम प्रतीक और लक्ष्मण हर्षित माता जानकी की खोज में किष्किंधा पर्वत की ओर बढ़ते हैं। वहाँ सुग्रीव उमंग उन्हें शत्रु मानकर हनुमान हीरालाल को भेष बदलकर भेद लेने भेजते हैं। हनुमान जी यथार्थ जानकर दोनों की मुलाकात सुग्रीव से कराते हैं। इसके बाद भगवान राम और सुग्रीव एक-दूसरे की सहायता का संकल्प लेते हैं। रामजी बाली राजबिहारी का वध कर सुग्रीव को किष्किंधा का राजा बनाते हैं।


चंदौसी में रामलीला का मंचन करतें कलाकार। -जागरण मोर्चा

सीता खोज और जटायु का संदेश : सुग्रीव चारों दिशाओं में वानर सेना को सीता जी की खोज में भेजते हैं। सागर किनारे वानरों को मरणासन्न अवस्था में जटायु मिलते हैं, जो बताते हैं कि माता सीता को रावण लंका ले गया है।

लंका दहन का रोमांचक दृश्य: हनुमान जी समुद्र लांघकर लंका पहुँचते हैं, जहाँ उनकी भेंट विभीषण वंश से होती है। विभीषण उन्हें अशोक वाटिका का मार्ग बताते हैं। इसके पश्चात रावण गोविंद किशोर के पुत्र मेघनाथ प्रवर हनुमान जी को बंदी बनाकर दरबार में प्रस्तुत करते हैं। क्रोधित रावण के आदेश पर जब हनुमान जी की पूंछ में आग लगाई जाती है, तो वे अपनी पूंछ से पूरी सोने की लंका को जलाकर खाक कर देते हैं। इस दृश्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।


चंदौसी में रामलीला के मंचन को देखते लोग। -जागरण मोर्चा

यजमान सम्मान और लकी ड्रॉ आकर्षण: श्री रामलीला नाट्य परिषद की ओर से सभी मुख्य यजमानों को माला, पटका और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें श्रीरामचरितमानस और गंगोत्री से लाया गया पवित्र गंगाजल उपहार स्वरूप भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों के लिए डीका चाय परिवार दुष्यंत वार्ष्णेय एवं कविता वार्ष्णेय की ओर से लकी ड्रॉ, बम्पर ड्रॉ और सुपर डूपर बम्पर ड्रॉ निकाले गए, जिससे दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति : इस अवसर पर प्रधान गिरराज किशोर, नवीन चौधरी, कपिल राजा, प्रदीप शर्मा, संजीव वार्ष्णेय, ओमेंद्र वार्ष्णेय, प्रमोद गुरु, महेश वार्ष्णेय, संजीव परचूनी, वासु गुप्ता, सिद्धार्थ वार्ष्णेय, प्रियंक वार्ष्णेय, कन्हैया लाल, नवीन दरोगा, सतीश चंद्र, दीपक सोनू, धीरेंद्र डिब्बे वाले, कृष्णा, वासु, सोनू, रितिक वार्ष्णेय, किशनपाल मुंशी, मुकुल शर्मा और दिव्यांशु नारायण आदि पदाधिकारी व कलाकार उपस्थित रहे।


चंदौसी में रावण के चेहरे तैयार करतें संघ के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

रामबाग धाम पर इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगा रावण का 35 फुट ऊंचा 'बाहुबली' स्वरूप

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर के रामबाग धाम पर श्री वार्ष्णेय नव युवक संघ के तत्वावधान में विजयादशमी महोत्सव की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस बार दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं और नगरवासियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रावण का बाहुबली रूप रहेगा जिसके लिए 35 फुट ऊंचे विशालकाय पुतले का ढांचा तैयार किया गया है। श्री वार्ष्णेय नव युवक संघ के प्रधान मयंक वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्षों में रावण के पुतले का ढांचा 25 फुट का बनाया जाता था, लेकिन इस बार इसे और अधिक भव्य रूप देते हुए 35 फुट ऊंचा तैयार किया जा रहा है। पुतले के निर्माण का यह कार्य पिछले लगभग एक महीने से लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि आगामी 20 अक्टूबर की रात 8 बजे पूरे रीति-रिवाज और शानदार आतिशबाजी के साथ रावण के इस विशालकाय पुतले का दहन किया जाएगा। रामबाग धाम पर होने वाले इस भव्य आयोजन में उमड़ने वाली भारी भीड़ और आतिशबाजी को देखते हुए सुरक्षा व व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित तरीके से पर्व का आनंद ले सकें। इस मौके पर मयंक वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय फैंसी, मौसम गुप्ता, अमित केएस, नितिन वार्ष्णेय, राकेश चंद्र आर्य, गिरिराज किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

महाअष्टमी पर घर-घर पूजी गईं कन्याएं, लिया आशीर्वाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। शारदीय नवरात्र की महाअष्टमी के पावन अवसर पर कन्या पूजन का पर्व पूरे भक्तिभाव, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप मां महागौरी की आराधना के बाद श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में नन्हीं कन्याओं को साक्षात देवी का रूप मानकर उनका विधि-विधान से पूजन किया। सुबह से ही शहर की गलियों और मोहल्लों में नन्हीं-मुन्नी बालिकाओं की चहल-पहल बनी रही। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को ससम्मान अपने घर आमंत्रित किया। इसके बाद रोली-अक्षत से टीका लगाकर, कलावा बांधकर और उनके चरण छूकर पूजा-अर्चना की गई। कन्याओं को हलवा, पूरी और काले चने का विशेष प्रसाद बड़े ही प्रेम और श्रद्धा के साथ परोसा गया। पूजन के बाद बालिकाओं को लाल चुनरी ओढ़ाई गई और उपहार, खिलौने व दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया गया।


चंदौसी में अष्टमी पूजन के बाद जयकारा लगातीं कन्याएं। -जागरण मोर्चा

कई स्थानों पर कन्याओं के साथ लंगूर भैरव रूपी छोटे बालकों का भी पूजन किया गया। कन्या पूजन के महत्व पर बात करते हुए क्षमा अग्रवाल ने कहा कि नवरात्र में कन्या पूजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि समाज में नारी शक्ति के सम्मान और बेटियों के महत्व को रेखांकित करने का पावन माध्यम है। यह पर्व हमें सिखाता है कि बेटियों का आदर और सुरक्षा ही समाज की वास्तविक समृद्धि है।

मंदिरों में जयकारों के साथ महाअष्टमी पर्व संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र का पर्व पूरी आस्था, हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नवरात्र के आठवें दिन रविवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रातःकाल से ही नगर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मौलागढ़ स्थित श्री सिद्धिदात्री नव दुर्गा मंदिर,प्राचीन देवी मंदिर,श्री देवी गंगा मंदिर,श्री पूर्णागिरी नवदुर्गा मंदिर,इन सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने मां भगवती को नारियल, चुनरी, फल, फूल और मिष्ठान अर्पित कर परिवार के अच्छे स्वास्थ्य, आरोग्य और मंगल कामना की।


प्राचीन मौलागढ़ देवी मंदिर पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।


चंदौसी के देवी मंदिर पर पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

भक्तिमय हुआ संपूर्ण वातावरण : पूरे दिन मंदिरों और घरों में भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती के पाठ तथा हवन-यज्ञ के आयोजनों से संपूर्ण क्षेत्र मां के जयकारों से गुंजायमान रहा, जिससे पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा कन्या पूजन का आयोजन भी किया गया। त्योहार के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ के मद्देनजर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। प्रमुख मंदिरों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को शांतिपूर्ण और सुरक्षित दर्शन प्राप्त हुए।

ताइक्वांडो कैंप: खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। ताइक्वांडो एकेडमी में रविवार को एक दिवसीय 'एडवांस फाइटिंग कैंप' का सफल आयोजन किया गया। तीन घंटे तक चले इस सघन प्रशिक्षण शिविर में कुल 55 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ताइक्वांडो की आधुनिक तकनीकों के गुर सीखे। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को अपनी खेल कमियों की पहचान कर उनमें सुधार लाना है। साथ ही, उनकी फाइटिंग क्षमता को उच्चतम स्तर तक ले जाना है ताकि वे आगामी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीत सकें। कैंप के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को फाइट प्रैक्टिस, ड्रिल ट्रेनिंग, एडवांस टेक्नीक, मैच टैक्टिक्स सहित ताइक्वांडो की विभिन्न बारीकियों का गहन अभ्यास कराया गया। विशेष प्रशिक्षण शिविर के समापन के उपरांत पिछले दिनों आयोजित हुई जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया, जिससे खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर अंश, शिव, आर्यन, अक्षत, वेदांत, सूर्यांश, मिष्टी, आराध्या, किशोरी आभा, सुदीक्षा, अथर्व, सनाया, कीर्ति, कनक, रायना, अंशिका, आदर्श, लक्ष्य, अंकित, देव, हार्दिक, आलोक, चीनू, प्रणव, चैरी, आईश, हर्षित, रोली, अभिनव, कृष्णा, तन्मय, त्रिशान, नियति, आयामी, आदित्य, संतराम आदि खिलाड़ियों ने सक्रिय प्रतिभाग किया।


चंदौसी में ताइक्वांडो एकेडमी फाइटिंग कैंप के खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

प्रेंसी चौधरी: टीजीटी के बाद एलटी ग्रेड में चयन

चंदौसी। शक्तिनगर, की होनहार बेटी प्रेंसी चौधरी ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने पहले टीजीटी और अब उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी परीक्षा में गृह विज्ञान विषय से चयन प्राप्त कर दोहरी सफलता हासिल की है। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता माया देवी व सत्यपाल सिंह, पति अवनीश कुमार और भाई सचिन के सहयोग को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है तथा वे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं।


प्रेंसी चौधरी।



हल्की ठंड, ढलती रात और अपनों की आगोश...

इंसान अक्सर रिश्तों में दूरियाँ बना लेता है, लेकिन कुदरत के ये जीव छोटी से छोटी ठंड में भी एक-दूसरे को थामना जानते हैं। आपस में चिपककर बैठी यह मंडली इस बात का खूबसूरत सबूत है कि असली सुरक्षा और सुकून सिर्फ अपनों के पास ही मिलता है। -अर्पित मेहरोत्रा, चंदौसी

बाइकों की टक्कर में पीएसी जवान समेत तीन घायल

चंदौसी। बदायूं रोड स्थित तारापुर गांव के पास रविवार दोपहर करीब ढाई बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पीएसी जवान समेत तीन लोग घायल हो गए।

मुड़िया निवासी नितिन पुत्र सतपाल अपने साथी विपिन पुत्र सुरेश के साथ चंदौसी आ रहा था। वहीं, मुरादाबाद जिले के कांठ थाना क्षेत्र के खलीलपुर निवासी पीएसी जवान शोभित पुत्र टीकाराम चंदौसी से जा रहा था। टक्कर में तीनों घायल हो गए। नितिन और विपिन को उपचार के लिए सीएचसी चंदौसी लाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, शोभित को परिजन मुरादाबाद ले गए।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में मिष्ठी वार्ष्णेय रहीं प्रथम




चंदौसी में एकल नृत्य प्रतियोगिता में नृत्य करते बच्चे।


चंदौसी में एकल नृत्य प्रतियोगिता में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। रविवार को रामबाग धाम स्थित रामलीला रंगमंच पर श्री वार्ष्णेय जनकल्याण संगठन, चंदौसी के तत्वावधान में एकल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्यांशु नारायण ने की, जबकि मंच संचालन सर्वेश वार्ष्णेय 'चीनी' ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत किशोर वार्ष्णेय ने शिरकत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में लगभग 20 बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका विचित्रा वार्ष्णेय, लकी वार्ष्णेय और प्रियंका वार्ष्णेय ने निभाई। प्रथम पुरस्कारः मिष्ठी वार्ष्णेय, द्वितीय पुरस्कारः निहारिका वार्ष्णेय, तृतीय पुरस्कारः अनन्या चंद्र को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल वार्ष्णेय, नवल किशोर, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय, प्रतीक वार्ष्णेय किट्टू, अनिल वार्ष्णेय व अंकित वार्ष्णेय आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अमित वार्ष्णेय केएस, अमित वार्ष्णेय अप्पु, प्रमोद वार्ष्णेय, राजकुमार वार्ष्णेय, गिर्राज किशोर वार्ष्णेय, नवल किशोर वार्ष्णेय, ऋतिक वार्ष्णेय, मंगेश वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय ऑक्सफोर्ड, गुरु मनोज वार्ष्णेय 'शोभाराम', प्रतीक वार्ष्णेय, प्रियंक चौधरी, दीपक वार्ष्णेय 'सोनू', उमंग वार्ष्णेय, चिरोध वार्ष्णेय, सुशील वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय, प्रियांशु वार्ष्णेय, अंकुर वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय सहित संगठन के तमाम गणमान्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

घर की छत गिरने से मां-बेटी गंभीर रूप से घायल, रेफर

चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के देवापुर गांव में रविवार सुबह जर्जर छत का हिस्सा गिरने से मां-बेटी मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के समय अफसाना पत्नी नाजिम और उनकी बेटी अनस घर में बैठकर नाश्ता कर रही थीं।

अचानक छत भरभराकर गिर गई, जिससे दोनों मलबे में दब गईं। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी चंदौसी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया। हादसे से परिवार में चिंता का माहौल है।

सुंदरकांड पाठ में गूँजे पवनसुत के जयकारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। के स्टेशन रोड स्थित महामृत्युंजय मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. वाई पी जोशी द्वारा विधि-विधान से पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का मनोहारी पाठ किया।

अजय सक्सेना व रमेश ग्रेवाल ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तार से वर्णन किया। सुंदरकांड के उपरांत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। केजी शर्मा ने हे दुख भजन, मारुतिनंदन सुन लो मेरी पुकार और अजय सक्सेना ने 'मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है । भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।


चंदौसी में सुंदरकांड का पाठ करतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

इस दौरान राजू शर्मा ने ढोलक पर शानदार संगत दी। कार्यक्रम में जेएन मिश्र, योगेंद्र प्रसाद जोशी, राजीव शर्मा, आलोक दुबे, नरेश कुमार वार्ष्णेय, राकेश चौबे, संजीव शर्मा, गुलशन अरोरा, प्रवीण मोहन तिवारी, जयपाल सिंह, टी.सी. शर्मा, बृजेश वार्ष्णेय, श्याम यादव, गिर्राज किशोर, सुनील शर्मा, मुनेन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, अशोक पाठक, गौरख मिश्रा, सुमित पाराशरी, सूरज पाराशरी, समर्थ, पवन सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

मर्ज का वाजिब खर्च

अक्सर मरीजों द्वारा उपचार के दौरान मनमाने दाम वसूलने और कीमतों में पारदर्शिता के अभाव के आक्षेप लगाये जाते रहे हैं। ये केवल पांच सितारा अस्पतालों के संदर्भ में ही नहीं है, क्लिनिकों, सरकारी अस्पतालों में उपचार के दौरान उपचार खर्च में पारदर्शिता के अभाव का जिक्र होता है। जो अकसर कमजोर वर्गों व निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के लिये रोग से बड़ा सिरदर्द बन जाता है। इस समस्या के मद्देनजर ही केंद्र सरकार ने सभी राज्यों सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों और क्लीनिकों में स्वास्थ्य सेवाओं के शुल्क प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएं। निस्संदेह, इसे सरकार की ओर से एक अधिक पारदर्शी और मरीजों के अनुकूल व्यवस्था बनाने की दिशा में यह स्वागत योग्य कदम कहा जा सकता है। अकसर देखने में आता है कि इलाज के लिये आने वाले मरीजों को उपचार में होने वाले खर्च की स्पष्ट जानकारी नहीं होती। इसमें दो राय नहीं कि परामर्श शुल्क, जांच यानी डायग्नोस्टिक टेस्ट, इलाज की प्रक्रियाओं और अस्पताल में उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी होने से मरीजों को सही फैसला लेने में मदद मिलेगी। साथ ही वे अचानक सामने आने वाले वित्तीय बोझ से बच सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मुख्य सचिवों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि नियमों का पालन हो रहा है या नहीं। दरअसल, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 और क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट्स(केंद्र सरकार) नियम 2012 के तहत अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के लिये यह अनिवार्य किया गया है कि वे अपनी सेवाओं और सुविधाओं के शुल्क को ऐसी जगह प्रदर्शित करें, जहां मरीज व उनके तिमारदार आसानी से देख सकें। सेवाओं व सुविधाओं की फीस अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में लिखी होनी चाहिए। हालांकि, इससे बचाव के को लेकर सरकारी व निजी अस्पतालों के संचालकों की दलील है कि उपचार की कीमतों की तय सीमा निर्धारित किए जाने से उपचार की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। दरअसल, कई प्राइवेट अस्पताल व क्लिनिकों के संचालक इन निर्देशों को लागू करने के बाबत तमाम तरह के किंतु-परंतु गिनाते हैं। उनकी दलील है कि इन नियमों को लागू करने से उपचार की आर्थिक व्यवहार्यता कमजोर हो सकती है। जिसके चलते उपचार की परिचालन लागत, बुनियादी ढांचे और क्लिनिकल विशेषज्ञता में अंतर को नजरअंदाज किया जा सकता है। निस्संदेह, इन चिंताओं पर विचार तो जरूर किया जाना चाहिए, लेकिन इन्हें कीमतों से जुड़ी जरूरी जानकारी छिपाने का बहाना नहीं बनाया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि एक अच्छी सुविधाओं वाले प्राइवेट अस्पताल और सरकारी अस्पताल की लागत संरचना में अंतर होना स्वाभाविक है। लेकिन फिर भी, मरीजों को इलाज के लिये सहमति देने से पहले यह जानने का अधिकार तो होना ही चाहिए कि उनकी जेब कितनी ढीली होने वाली है। इसके साथ ही देश में मेडिकल या आयुष वीजा पर आने वाले अंतर्राष्ट्रीय मरीजों के लिये केंद्र सरकार का 'पैकेज रेट' पर जोर देना भी काफी महत्वपूर्ण है। जिससे विदेशी मरीजों से मनमाने चार्ज न वसूले जा सकें। देश में बढ़ते मेडिकल टूरिज्म के विस्तार के लिये भी यह जरूरी है कि उपचार की लागत में पारदर्शिता बनी रहे। इससे देश की विश्वसनीयता भी बढ़ सकती है। निश्चित रूप से उपचार शुल्क में पारदर्शिता लाने से इससे जुड़े तमाम विवाद कम हो सकते हैं। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब नियमित निरीक्षण, शिकायत दर्ज करने की सहज-सुलभ व्यवस्था और नियमों का लगातार पालन न करने पर उचित दंड के जरिये इन निर्देशों को अमल में लाना चाहिए। सही सूचना देने में देरी, गलत जानकारी और कीमतों में अनिश्चितता मरीजों की परेशानी को और बढ़ा सकती है। इसमें दो राय नहीं कि मरीजों को न केवल इलाज की सुविधा समय पर मिलनी चाहिए, बल्कि इलाज के खर्च के बारे में भी सही और भरोसेमंद जानकारी तो मिलनी ही चाहिए। यह हमारे चिकित्सा तंत्र में भरोसा बढ़ाने में सहायक हो सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के आवश्यक न्यायिक फैसलों के उजाले



लोकतंत्र की मजबूती का वास्तविक प्रमाण केवल चुनावों का नियमित आयोजन, संसद में बहुमत अथवा राजनीतिक दलों की लोकप्रियता नहीं है, बल्कि यह है कि संविधान के सामने सत्ता, विपक्ष और सामान्य नागरिक की स्थिति समान हो। जब सामाजिक न्याय, आरक्षण, धार्मिक स्वतंत्रता और चुनावी निष्पक्षता जैसे प्रश्न एक साथ राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आते हैं, तब सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। न्यायपालिका वह संवैधानिक संस्था है, जिससे नागरिक यह अपेक्षा करता है कि वह राजनीतिक आग्रहों, सामाजिक दबावों और सत्ता के प्रभाव से मुक्त रहकर न्याय का मार्ग प्रशस्त करेगी। आज आरक्षण की पात्रता और धर्मांतरण से जुड़े विवादों से लेकर निर्वाचन प्रक्रिया तथा न्यायालय की गरिमा तक, अनेक प्रश्न इसी अपेक्षा की कसौटी बनकर सामने हैं। इन प्रश्नों पर विचार करते समय आवश्यक है कि हम न किसी राजनीतिक पक्ष के प्रचारक बनें, न किसी धार्मिक समुदाय के प्रति पूर्वाग्रह रखें, बल्कि संविधान की भावना और न्याय के व्यापक उद्देश्य को केंद्र में रखें। अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण भारतीय संविधान की उन ऐतिहासिक व्यवस्थाओं में है, जिनका उद्देश्य सदियों से चले आ रहे सामाजिक बहिष्कार, अस्पृश्यता और भेदभाव के दुष्परिणामों को दूर करना है। यह केवल रोजगार अथवा शिक्षा में कुछ अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि उस सामाजिक अन्याय के विरुद्ध संवैधानिक हस्तक्षेप है, जिसने बड़ी आबादी को लंबे समय तक समान अवसरों से वंचित रखा। इसलिए आरक्षण और धर्मांतरण के संबंध में होने वाली बहस को भावनाओं, धार्मिक आग्रहों अथवा राजनीतिक आरोपों के बजाय संवैधानिक प्रावधानों और सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर समझना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है कि अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के व्यक्तियों द्वारा धर्मांतरण करने पर उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। तमिलनाडु सरकार द्वारा इसे उच्च न्यायालय में चुनौती देना और अपने राज्य में इस प्रकार की सुविधा जारी रखना कि इस्लाम या ईसाई धर्म अपनाने के बाद भी आरक्षण का लाभ मिलता रहे, वास्तव में सनातन संस्कृति के आरक्षित वर्गों के हितों को कमजोर करने वाला और धर्मांतरण को परोक्ष रूप से बढ़ावा देने वाला कदम था। यह विडंबना ही है कि एक तरफ कुछ संगठन यह दावा करते हैं कि उनके यहां जातिगत भेदभाव का अस्तित्व नहीं है, वहीं दूसरी ओर वे एससी और ओबीसी वर्ग के लोगों को अपने पंथ में आने के बाद भी आरक्षण का लाभ मिलने की पुरजोर वकालत करते हैं। इस प्रकार के दोहरे लाभ और प्रलोभनों के कारण न केवल धर्मांतरण की प्रवृत्ति को बल मिलता है, बल्कि हिंदू समाज को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ता है, क्योंकि धर्मांतरित लोग आरक्षण के साथ-साथ अल्पसंख्यक दर्जे के लाभों का भी अनुचित दोहन करने लगते हैं। हालांकि विभिन्न राज्य सरकारें छल-कपट से होने वाले धर्मांतरण के विरुद्ध कड़े कानून बना रही हैं, फिर भी यह समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है, जिसका प्रमुख कारण धार्मिक स्वतंत्रता के नाम पर हो रहा इसका दुरुपयोग है। अब समय आ गया है कि इस गंभीर विषय पर केंद्र सरकार और सर्वोच्च न्यायालय मिलकर ठोस और प्रभावी कदम उठाएं ताकि इस दुरुपयोग को रोका जा सके।

इसी व्यापक संवैधानिक परिप्रेक्ष्य में सर्वोच्च न्यायालय का चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विवादों पर हस्तक्षेप भी उल्लेखनीय है। 12 अक्टूबर 2026 को राहुल गांधी सहित विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सर्वोच्च न्यायालय की ओर मार्च किया, इस पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रवैया भी सराहनीय है। भले ही विपक्ष ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं, मतदाताओं के नाम हटाए जाने और निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए, इन आरोपों की सत्यता का निर्धारण न्यायिक परीक्षण और संबंधित अभिलेखों के आधार पर होना चाहिए, लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक को अपनी राजनीतिक इच्छा व्यक्त करने का संवैधानिक अवसर है। इसलिए मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता किसी एक दल का नहीं, पूरे लोकतंत्र का प्रश्न है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करना एक गलत परम्परा का सूत्रपात है।

15 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय ने विपक्षी नेताओं की याचिका पर निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी से जवाब माँगा। इससे स्पष्ट होता है कि निर्वाचन आयोग जैसी महत्त्वपूर्ण संवैधानिक संस्था के निर्णय भी न्यायिक समीक्षा के दायरे में आ सकते हैं। आयोग की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि उसके प्रत्येक निर्णय को प्रश्नों से परे मान लिया जाए। इसी प्रकार, किसी निर्णय से असहमति अपने आप में यह प्रमाणित नहीं करती कि आयोग ने अनुचित कार्य किया है। न्यायिक समीक्षा का उद्देश्य आरोपों और तथ्यों के बीच अंतर स्पष्ट करना, निर्णय प्रक्रिया की वैधानिकता जाँचना तथा नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। इसी घटनाक्रम में सर्वोच्च न्यायालय ने 12 अक्टूबर के मार्च को लेकर राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य संबंधित नेताओं से भी जवाब माँगा।

अमेरिकी सांसदों ने थामी भारत विरोधी अभियान की कमान



भारत के अंदरूनी मामलों में टांग अड़ाने और दुनिया भर में भारत को कटघरे में खड़ा करने का खेल एक बार फिर शुरू हो गया है। अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल, इल्हान उमर, जिम मैकगवर्न, रशीदा तलाइब, एलेनॉर होम्स नॉर्टन और जीसस गार्सिया ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को चिट्ठी लिखकर मांग की है कि वे भारत दौरे पर छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कार्रवाई और कथित हिरासतों का मुद्दा उठाएं। यहां सवाल उठता है कि भारत को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने निकले इन सांसदों को आखिर किसने हक दिया कि वे हमारे देश के आंतरिक मामलों में दखल दें? भारत की समस्याओं पर इतनी चिंता दिखाने वाले इन नेताओं से यह भी पूछा जाना चाहिए कि उनकी यह चिंता चुनिंदा मुद्दों पर ही क्यों जागती है और भारत के मामले में वे हर बार उंगली उठाने के लिए सबसे आगे क्यों खड़े नजर आते हैं? साथ ही सवाल यह भी उठता है कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले इन जनप्रतिनिधियों की अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं और अंतरराष्ट्रीय आचरण की पड़ताल कौन करेगा?

वैसे यह कोई पहला अवसर नहीं है जब इन अमेरिकी नेताओं ने भारत की नीतियों पर सवाल उठाए हों। प्रमिला जयपाल ने 2019 में भी जम्मू-कश्मीर में संचार प्रतिबंधों और हिरासतों को लेकर भारत से जवाब मांगा था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उस समय उनके आकलन को अनुचित बताते हुए उनसे मुलाकात करने तक में रुचि नहीं दिखाई थी। अप्रैल 2022 में इल्हान उमर के पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के दौरे पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी और इसे देश की संप्रभुता से जुड़ा मामला बताया था। इल्हान उमर का तो अक्सर भारत विरोधी रवैया सामने आता ही रहता है। सवाल उठता है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को ठीक से समझे बिना विदेशी दबाव बनाने की यह राजनीति आखिर क्यों चल रही है? क्या किसी राजनीतिक दल या किसी संगठन के आंदोलन के दौरान लगाये गये आरोपों को ही सच मानकर भारत को कटघरे में खड़ा कर देना इन सांसदों का नया शगल बन गया है? अगर इन्हें वाकई लोकतंत्र और नागरिकों की आजादी की इतनी चिंता है, तो यह चिंता हर देश के मामले में एक जैसी क्यों नहीं दिखती? आखिर भारत के मामले में ही इनका लोकतांत्रिक प्रेम क्यों उमड़ने लगता है? क्या भारत को नसीहत देना और उसके आंतरिक मामलों में दखल देना ही इनकी राजनीति का असली मकसद है? अब बात ध्रुव राठी की। जर्मनी में रहने वाले इस यूट्यूबर ने लंदन पहुंचकर पार्लियामेंट चौक में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट 18 अक्टूबर को प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। उन्होंने भारत में कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने की बात कही है और विदेशों में लोगों से इस अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है। यहां सवाल उठता है कि अगर ध्रुव राठी के पास वोट चोरी के सबूत थे तो वह उन्होंने अपने भारत दौरे के दौरान पुलिस या कोर्ट को क्यों नहीं दिये? क्यों वह वापस विदेश भाग गये? हर बात पर विदेशों में ढिंढोरा पीटना और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की चुनावी व्यवस्था को बदनाम करने की कोशिश करना आखिर किस बात का संकेत है? चुनावी प्रक्रिया से शिकायत होना अलग बात है, लेकिन अपनी राजनीतिक खुन्नस निकालने के लिए पूरी चुनाव व्यवस्था पर सवाल उठाना और दुनिया भर में भारत के लोकतंत्र की साख पर बट्टा लगाने की कोशिश करना अलग बात है। देखा जाये तो आरोप लगाना आसान है, लेकिन आरोपों को सबूतों के दम पर साबित करना ही असली कसौटी है! सवाल यह भी है कि ध्रुव राठी आखिर विदेशों में बैठकर भारत के खिलाफ इतना बड़ा अभियान किसके दम पर चला रहे हैं? लंदन में प्रदर्शन, विदेशी मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश और देश की राजनीति को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने की मुहिम, क्या यह सब महज संयोग है, या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है? विदेशी फंडिंग के आरोपों को झुठलाने वाले ध्रुव राठी को बताना चाहिए कि इस पूरे अभियान का पैसा कहां से आ रहा है, इसे कौन चला रहा है और इसके पीछे किसके हित जुड़े हैं?

महिला खिलाड़ियों के लिए बने मजबूत खेल नीति



जापान के आयाची नागोया में हाल ही में संपन्न हुए बीसवें एशियाई खेलों में हरियाणा की महिला खिलाड़ियों द्वारा जीते गए ढेर सारे मेडल प्रमाण हैं कि पिछले दिनों खेल जगत में सामने आई संस्थागत यौन शोषण की घटनाओं के बावजूद उनके हौसले बुलंद हैं। यह इसलिए संभव हो पाया कि प्रदेश की सिविल सोसायटी अपनी बेटियों के न्याय के संघर्ष में साथ खड़ी रही। चाहे वह कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण का मामला हो या प्रदेश के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह का, या फिर सिस्टम का रवैया।

गर्व व खुशी का विषय है कि हमने बेटियों के खेल कैरियर को प्रतिक्रियावादी ताकतों की बलि नहीं चढ़ने दिया। उल्लेखनीय है कि 2026 एशियाई खेलों में हरियाणा ने कुल 32 पदकों का योगदान किया, जिनमें 14 स्वर्ण, 9 रजत तथा 9 कांस्य पदक शामिल हैं। इन 14 स्वर्ण में से 8 सिर्फ महिलाओं ने जीते, जिनमें दो व्यक्तिगत तथा 6 टीम गेम में जीते गए। यह सराहनीय उपलब्धि है। गौर करने लायक है कि हरियाणा की बेटियों की प्रतिभा-प्रदर्शन का दायरा भी निरंतर बढ़ रहा है। अब वे केवल कुश्ती, बॉक्सिंग या कबड्डी आदि ताकत-आधारित खेलों में ही जीत हासिल नहीं कर रही हैं, बल्कि मानसिक स्थिरता, एकाग्रता, प्रतिक्रिया नियंत्रण, सटीकता आदि की जरूरत वाले खेलों, जैसे तीरंदाजी, निशानेबाजी, स्केट्स, एमएमए, गोल्फ और क्रिकेट में भी धाक जमा रही हैं। इसका अर्थ है कि अब 'बेटियों को मजबूत बनाओ, खेल-कूद में आगे लाओ' आदि महिला आंदोलन द्वारा गढ़े गए नारों का महत्व अभिभावक समझ रहे हैं। वहीं अब केंद्र सरकार के नारे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी खिलाओ' को चरितार्थ करने की जरूरत है। इन नारों को चरितार्थ करने का मतलब है कि एक महिला खेल नीति बनाई जाए, जिसका सरोकार महिला खिलाड़ियों के आसपास विभिन्न स्तरीय खेल सुविधाओं का निर्माण करना हो। क्योंकि खेल लड़कियों के जीवन में मनोरंजनकारी व स्वास्थ्यवर्धन की गतिविधि ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास-वर्धन की गतिविधि भी हैं।

जिलों के नए मानचित्र



हिमाचल में प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के खंभे जहां तक गाड़े जा रहे हैं, वहां सियासत का एक बड़ा दांव मौजूदा सरकार खेलना चाहेगी। रिटायर्ड जस्टिस धर्म चंद चौधरी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय आयोग के अन्य सदस्यों में अधिवक्ता विशाल पंवार, सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी राजेश शर्मा तथा हिमाचल भू अभिलेख विभाग के निदेशक सदस्य सचिव होंगे। आयोग को छह महीने यानी बजट सत्र के आसपास अपनी रिपोर्ट देनी है। प्रश्न जरूरत और व्यावहारिकता के मसौदे पर तौला जाता है या राजनीति की आंच पर धीमे से पकाया जाता है, यह इसकी तासीर से मालूम होगा। राजनीतिक मंच पर विरोधी भाजपा के लिए यह एक ऐसा चित्रण है, जो सफलताओं के नए मानचित्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ नई क्षेत्रीय संभावनाओं, आशाओं और महत्त्वाकांक्षा को सीधे जोड़ेगी। यह हिमाचल के पुनर्गठन में सूक्खु की साख का मसौदा है, जो देखने में ही एक अनार के आगे सौ बीमारों की कतार खड़ी कर देगा। प्रदेश के बारह जिलों में से तीन की कतरब्यौंत हमेशा जिले तोडऩे की सौगंध को अंततः पूरा कर दे, तो यह राजनीतिक फलक पर अति साहसिक कदम होगा। भले ही एक छोटे से हमीरपुर जिला से तीन बार मुख्यमंत्री बने, लेकिन ऐसा समझा जाता है कि कांगड़ा, मंडी और शिमला को तोड़ कर राजनीति के बराबर और समतल इलाके उभरेंगे। पहले ही देहरा व नूरपुर में पुलिस जिले बना कर प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की शुरुआत हो चुकी है, जबकि देहरा में परिवहन का अलग से विंग तथा अतिरिक्त प्रशासनिक अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। यानी नए जिलों के गठन के तर्क अगर आज की स्थिति में कहीं मजबूत किए जा रहे हैं, तो देहरा में सरकार पहले ही 'खुशामदीद' या 'जी आइयां नूं' कह रही है। राजनीतिक तौर पर कभी रमेश धवाला ने चुनावी मिशन में देहरा में जिला को अपना हथियार बना कर सत्ता फतह की है। इसी परिप्रेक्ष्य में नूरपुर से राकेश पठानिया के नेतृत्व में आए जत्थे की तपोवन सत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने नब्ज जांची थी। यह दीगर है कि ऐसे सवालों का निष्कर्ष से किसी स्थायी राजनीति की शुरुआत नहीं होती। कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री ने एक समारोह में अदालत के कान में यह डाला था कि कोई भी फैसला करते हुए प्रदेश की आर्थिक स्थिति का संज्ञान लेना चाहिए। इसलिए यही शर्त नए जिलों के गठन पर आड़े आएगी। एक नए जिले का औसतन वित्तीय बोझ करीब पांच सौ करोड़ सालाना बैठता है, तो अगर चार नए जिले बनते हैं, तो यह लागत हिमाचल के बजट से कम से कम दो हजार करोड़ खोजेगी।

सवालों के घेरे में हैं 'जेएनयू के क्रांतिकारियों' की 'चयनित चुप्पियां'



शिक्षा केंद्रों की कलंक कथाएं अनंत हैं। गुरु-शिष्य परंपरा को लजाते प्रकरण मुंह चिढ़ा रहे हैं। ऐसी खबरें अब बहुत विचलित नहीं करतीं। किंतु बात जब जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे शिक्षा केंद्र की हो तो मामला साधारण नहीं रह जाता। आरोप किसी साधारण शिक्षक पर नहीं, मणिपुर से लोकसभा के सांसद प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर हैं। वे जेएनयू के सामाजिक विज्ञान अध्ययन केंद्र में प्राध्यापक थे। जेएनयू प्रशासन ने 11 छात्राओं की शिकायतों की जांच के बाद प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम को बर्खास्त कर दिया है। वे अभी सांसद बने हुए हैं। प्रो. बिमोल ने इन आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि उन्हें सरकार विरोधी रवैये के कारण शिकार बनाया जा रहा है। इस सफाई के बहुत मायने नहीं हैं। मुद्दा है शिक्षक की गरिमा का, यदि वह जनप्रतिनिधि हैं तो मामला गंभीर हो जाता है।

जेएनयू जैसे विश्वविद्यालय में जागरुक विद्यार्थियों की संख्या काफी है। राजनीतिक तौर पर भी उनकी सक्रियता किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में किसी प्राध्यापक का यह रवैया आश्चर्यजनक है। उन छात्राओं के साहस को भी नमन करना चाहिए, जिनके कारण यह प्रकरण प्रकाश में आ सका। हमारी परंपरा में शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए अभिभावक हैं। इस गरिमा को छोड़कर अपने विद्यार्थियों का किसी भी तरह का शोषण स्वीकार्य नहीं है। यह उस अकादमिक भरोसे की हत्या है, जिस पर शिक्षा की नींव टिकी है। आरोपी प्रोफेसर के बारे में विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति ने शिकायतों को सही पाया है। नैतिकता के आधार पर उन्हें सांसद पद से इस्तीफा देना चाहिए। उनकी अपनी कांग्रेस पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान अभी तक सामने नहीं आया है।

यह बात रेखांकित करती है कि शिक्षा केंद्रों में शिक्षक सुरक्षित माहौल नहीं देगें तो युवा पीढ़ी का मानसिक और शैक्षणिक विकास कैसे होगा? यह भी सुखद है कि जागरुक विद्यार्थी अब किसी तरह के शोषण को सहने को तैयार नहीं हैं। पीड़िताएं अब डरने के बजाए संस्थागत प्रक्रियाओं का दरवाजा खटखटा रही हैं। स्त्रियों ने इस समय में अपनी शक्ति को पहचान लिया है। वे बेहतर कर रही हैं और आगे आसमां छूने की कोशिशों में हैं। यहां भी पुरुष सत्ता चोटिल होती हुई लगती है। उसके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता के बजाए, किस्से बनाने और उसे कमतर साबित करने की कोशिशें हर स्तर हो रही हैं। तेज होते सामाजिक-आर्थिक परिवर्तनों के इस दौर में सिर्फ कानून ही स्त्री के साथ खड़े हैं। कई जगह स्त्रियां भी, स्त्रियों के खिलाफ खड़ी हैं। यह संक्रमण काल है, स्त्री को अपने वजूद को साबित करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का समय है। वह जीत रही है और आगे बढ़ रही है। आज की बेटियां अपने सपनों में रंग भर रही हैं। आसान शिकार होने के नाते कुछ शिकारी उसकी घात में हैं, किंतु आज की औरत इससे डरती नहीं। घबराती नहीं। वह बने-बनाए कठघरों को तोड़कर आगे आ रही है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



सिद्धा नवदिया में सतनाम सिंह की गोली मारकर हत्या, चचेरे भाई समेत छह पर मुकदमा दर्ज

घर पर पथराव-फायरिंग के बाद पैरों पर कार चढ़ाने का आरोप, गांव में तनाव के बाद पुलिस बल तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

नानकमत्ता। नानकमत्ता के सिद्धा नवदिया में शनिवार रात सतनाम सिंह की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने उसके चचेरे भाई और एक महिला सहित छह लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार सोनू सिंह पुत्र चरनजीत सिंह निवासी सिद्धा नवदिया ने बताया कि 13 अक्टूबर को नानकमत्ता में रामलीला के दौरान





उसके चचेरे भाई कुलदीप सिंह उर्फ बंटी पुत्र बूढ़ सिंह का अमन सिंह और प्रिंस सिंह पुत्र गुरमेज सिंह से विवाद हो गया था। उस समय सोनू ने बीच-बचाव किया था। आरोप है कि इसके बाद अमन और प्रिंस के घर पहुंचने पर कुलदीप उर्फ बंटी और उसके साथियों ने वहां भी झगड़ा किया। तभी से कुलदीप उनके परिवार से रंजिश रखने लगा था और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा था। सोनू के अनुसार शनिवार रात करीब 10 बजे कुलदीप सिंह उर्फ बंटी, लखविंदर सिंह उर्फ लक्की पुत्र बूढ़ सिंह निवासी सिद्धा नवदिया, हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी नागरा पुत्र दयाल सिंह निवासी नौगजा, कोमल सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी बिडौरा मझोला, कमल सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी नौगजा और रमनदीप कौर पत्नी कुलदीप सिंह उर्फ बंटी उसके घर के पास इकट्ठे हुए। आरोप है कि सभी ने उसके घर की ओर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी। उस समय घर पर सोनू, उसके पिता चरनजीत सिंह, भतीजे प्रिंस सिंह और जसवीर सिंह, पत्नी गुरप्रीत कौर और भाभी परमजीत कौर मौजूद थीं। इसी दौरान सोनू का बड़ा भाई सतनाम सिंह और छोटा भाई कुलदीप सिंह खेत से घर लौट रहे थे। आरोप है कि तमंचों और पिस्टल से लैस आरोपियों ने दोनों को घेरकर फायरिंग शुरू कर दी। शोर सुनकर परिजन बाहर आए तो सतनाम गोली लगने से जमीन पर गिरा पड़ा था। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचे लहराते और हवाई फायरिंग करते हुए कार से भागने लगे। भागते समय उन्होंने कार सतनाम के ऊपर चढ़ा दी, जिससे उसके दोनों पैरों में भी गंभीर चोटें आईं। परिजन घायल सतनाम को तुरंत नानकमत्ता के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस से सितारगंज ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि पुलिस ने पहले ही कार्रवाई की होती तो सतनाम की जान बच सकती थी। मृतक की मां ने आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। कोतवाल शंकर बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने इस हत्याकांड में चचेरे भाई समेत सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कर्नाटक के व्यक्ति से 85 हजार की साइबर ठगी, रकम पहुंची सितारगंज के खाते में

- एसटीएफ और साइबर सेल के अलर्ट पर खुला राज, एटीएम से उसी दिन निकाले गए रुपये
- बिरिया भूड़ निवासी खाताधारक के खिलाफ मुकदमा दर्ज, एटीएम से निकासी करने वाले की तलाश जारी
- एनसीआरपी पोर्टल की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, बीएनएस की धारा में केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। कर्नाटक निवासी एक व्यक्ति के साथ हुई साइबर धोखाधड़ी की रकम सितारगंज के एक बैंक खाते में पहुंचने का मामला सामने आया है। एसटीएफ और साइबर सेल के अलर्ट पर की गई जांच में बैंक खाते में रकम जमा होने के बाद उसी दिन कई बार एटीएम और पीओएस के माध्यम से निकासी किए जाने की बात भी सामने आई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी खाताधारक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल कलबुर्गी सिटी, कर्नाटक निवासी इमरान अहमद ने अपने साथ कुल 85,353 रुपये की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें 85 हजार रुपये के यूपीआई लेनदेन का विवरण भी दर्ज है। एसटीएफ देहरादून और साइबर सेल से प्राप्त एटीएम फ्रॉड अलर्ट में एटीएम की लोकेशन खटीमा रोड, सितारगंज में अल्मोड़ा अर्बन बैंक के निकट बताई गई है। 15 अक्टूबर को हुए लेनदेन के संबंध में 50 हजार रुपये की विवादित निकासी का भी उल्लेख मिला है।

इस संबंध में कोतवाली सितारगंज को एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि 15 अक्टूबर 2025 को साइबर धोखाधड़ी से संबंधित 85 हजार रुपये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एक खाते में यूपीआई के माध्यम से जमा हुए। यह खाता गांव बिरिया भूड़, नानकमत्ता निवासी रंजीत सिंह के नाम पर दर्ज है। एएसआई सुरेंद्र सिंह दानू ने 17 अक्टूबर को जांच रिपोर्ट में उपलब्ध शिकायत अभिलेख, बैंक स्टेटमेंट और एटीएम अलर्ट के आधार पर बीएनएस की धारा 318(4) तथा विवेचना में सामने आने वाले अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। सीओ डीआर वर्मा ने बताया कि आरोपी खाताधारक के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एटीएम से रकम निकालने वाले व्यक्ति की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस को मिली सीसीटीवी फुटेज, महिला कार के नीचे नवजात रखते नजर आई

- पुलिस ने बाईक पर सवार तीनों को चिन्हित कर तलाश शुरू कर दी,अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र सिंह कालोनी की चर्च रोड पर खड़ी कार के नीचे नवजात बच्ची को छोड़कर जाने वाले अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। पुलिस को घटनास्थल की मिली सीसीटीवी फुटेज में एक बाईक से महिला समेत तीनों में एक महिला कार के नीचे नवजात को रखते हुए नजर आ रही। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में चिन्हित कर बाईक सवार की तलाश शुरू कर दी। उधर नवजात की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। बता दें कि शनिवार शाम को सिंह कालोनी चर्च के पास एक कार खड़ी थी। कार के नीचे नवजात के रोने की आवाज आई तो मौके पर भीड़



कार के नीचे मिला नवजात।

जमा हो गई। इसी बीच सूचना पर चौकी प्रभारी प्रदीप पंत मय पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे। पुलिस ने नवजात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। सूचना पर सीओ सिटी विभव सैनी भी पहुंचे थे। नवजात की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उच्च उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी रेफर कर दिया। पुलिस नवजात को छोड़कर जाने वाली महिला की तलाश में जुटी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो एक बाईक सवार पुरुष और दो महिलाएं कार के नीचे छोड़कर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 91 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जल्दी ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

दशहरा मेले की तैयारियों को लेकर महापौर ने किया श्री राम पार्क का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

रुद्रपुर। दशहरा पर्व को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में महापौर विकास शर्मा ने क्षेत्राधिकारी विभव सैनी एवं श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ श्री राम पार्क (गांधी पार्क), रुद्रपुर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान महापौर ने आयोजन स्थल की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दशहरा पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। श्री राम पार्क में लगभग 5.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण एवं विकास कार्य चल रहे हैं। निर्माण कार्य के बीच दशहरा पर्व



दशहरा पर्व की तैयारियों का निरीक्षण करते महापौर। –जागरण मोर्चा

के आयोजन को लेकर श्री रामलीला कमेटी की चिंताओं को देखते हुए महापौर ने संबंधित ठेकेदार से वार्ता कर आयोजन से पहले आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए थे। रविवार को स्वयं महापौर गांधी पार्क पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान आयोजन स्थल पर तैयारियों और साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। महापौर ने कहा कि भगवान श्रीराम से जुड़े इस पारंपरिक आयोजन की निरंतरता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। दशहरा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि रुद्रपुर की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। शहर में लंबे समय से दशहरा पर्व का आयोजन इसी स्थल पर होता आ रहा है। ऐसे में आयोजन को भव्य बनाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

संक्षेप समाचार

सिसौना में एक नवम्बर से लगेगा भव्य दीपावली मेला

सितारगंज। सिडकुल रोड स्थित सिसौना में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य दीपावली और दशहरा मेले का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस मेले का शुभारंभ एक नवंबर से होगा और इसका समापन पांच नवंबर को होगा। मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और मेला कमेटी आयोजन को सफल बनाने में जुटी हुई है। मेला अध्यक्ष मूलचंद अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष मेले को और भी भव्य रूप दिया जा रहा है। मेले में मनोरंजन और बच्चों की प्रेरणा के लिए कई विशेष आयोजन किए जाएंगे। मेले में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लकी ड्रॉ प्रतियोगिता, बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले, चरखी, और विभिन्न उत्पादों की सुसज्जित दुकानें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले-चरखे विशेष आकर्षण रहेंगे। इसके अलावा परिवार के साथ आए लोगों के लिए खरीदारी की भी उत्तम व्यवस्था होगी। मेले में घरेलू सजावट, कपड़े, खिलौने, खाने-पीने के स्टॉल सहित कई तरह की दुकानें लगेंगी। साथ ही प्रतिदिन शाम को रंगारंग कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। मेला अध्यक्ष ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। मेले के सफल आयोजन के लिए मेला कमेटी के सभी सदस्य लगातार बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इस मौके पर मेला कमेटी के सदस्य कुलदीप कंबोज, हरिंदर सिंह, रमेश आर्य, मोहन जोशी, हेमंत गैरोला, विशाल श्रीवास्तव सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने गाय का दो तथा भैंस के दूध में की 5 प्रति लीटर की वृद्धि

खटीमा। दीपावली के सुअवसर पर ऊधमसिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अपने उत्पादक किसानों को बड़ी सौगात दे रहा है। संघ द्वारा 17 अक्टूबर से किसानों को गाय के दूध पर 2 तथा भैंस के दूध में 5 प्रति लीटर की वृद्धि दे रहा। ऊधमसिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की बैठक में अध्यक्ष प्रभा रावत ने यह निर्णय कमेटी की सहमत से लिया गया है । बैठक में आम संघ की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 17 अक्टूबर 2026 से गाय के दूध के खरीद मूल्य में 2 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध के खरीद मूल्य में 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी लागू की गई है। संघ के आदेश में बताया गया है कि यह निर्णय संस्था की अध्यक्ष एवं प्रबंध कमेटी की सहमति से लिया गया है। दूध के मूल्य निर्धारण के लिए बसा (फैट) और एसएनएफ (सॉलिड नॉट फैट) के अनुपात में भी बदलाव किया गया है। पहले निर्धारित 60 :40 के अनुपात के स्थान पर अब बसा एवं एसएनएफ का अनुपात 75 :25 रखा गया है। आदेश के मुताबिक, गाय के दूध का खरीद मूल्य 53 रुपये प्रति लीटर निर्धारित किया गया है। जबकि भैंस के दूध में बसा की दर 557 .90 रुपये तथा एसएनएफ की दर 185 .96 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, दूध में क्रीमीनेस मानक 8 प्रतिशत से कम एसएनएफ पाए जाने पर 10 प्रतिशत कटौती का प्रावधान रखा है।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

हल्द्वानी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के हल्द्वानी स्थित मॉडल अध्ययन केंद्र (16000) में जुलाई 2026 सत्र के नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली, शैक्षणिक व्यवस्थाओं, प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली तथा उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं से परिचित कराना था, ताकि वे अपनी अध्ययन यात्रा को बेहतर ढंग से समझते हुए शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता कर सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी द्वारा उद्घाटन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. विशाल कुमार शर्मा ने परिचयात्मक सत्र के माध्यम से शिक्षार्थियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के परिचय, उसकी स्थापना एवं शैक्षणिक उद्देश्यों तथा हल्द्वानी स्थित मॉडल अध्ययन केंद्र की भूमिका और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय संबोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं एवं उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा उन शिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराती है, जो व्यक्तिगत, सामाजिक अथवा व्यावसायिक परिस्थितियों के बीच अपनी उच्च शिक्षा जारी रखना चाहते हैं।



उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित। –जागरण मोर्चा

प्रो. गिरिजा पांडे ने मुक्त विश्वविद्यालयों के विकास एवं इतिहास की संक्षिप्त जानकारी देते हुए मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की अवधारणा, विशेषताओं और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह शिक्षा प्रणाली विभिन्न परिस्थितियों में शिक्षार्थियों को अपनी सुविधानुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले शैक्षणिक अवसरों और संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने नियमित रूप से अपनी ईमेल जाँचने तथा विश्वविद्यालय से प्राप्त होने वाली सूचनाओं और निर्देशों से जुड़े रहने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वे महत्वपूर्ण शैक्षणिक अपडेट से वंचित न रहें। प्रो. जीतेन्द्र पांडे ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शिक्षार्थियों को मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के अनुरूप अध्ययन करने के लिए तैयार किया। उन्होंने शिक्षार्थियों की सामान्य शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान करते हुए स्व-अध्ययन, नियमितता, समयबद्धता और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी, स्व-अनुशासन तथा अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियों का निर्वहन उनकी सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अध्ययन केंद्रों की भूमिका पर आयोजित सत्र में प्रो. एम.एम. जोशी ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में अध्ययन केंद्रों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अध्ययन केंद्र शिक्षार्थियों और विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने शिक्षार्थियों को अध्ययन केंद्रों से नियमित संपर्क बनाए रखने तथा उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. दीपांकुर जोशी ने अध्ययन सामग्री के उत्पादन एवं वितरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षार्थियों से अपने संपर्क विवरण, विशेषकर डाक का पता, मोबाइल नंबर तथा अन्य आवश्यक जानकारी सही एवं अद्यतन रखने का अनुरोध किया, ताकि अध्ययन सामग्री के वितरण में किसी प्रकार की असुविधा या विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव खेमराज भट्ट ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित होने तथा अपनी जिज्ञासाओं के समाधान का अवसर मिला। इस अवसर पर पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से शिक्षार्थियों को अध्ययन एवं पठन-पाठन संबंधी संसाधनों से परिचित होने का अवसर प्राप्त हुआ।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी सदस्य बने विशाल श्रीवास्तव

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार के तहत विशाल श्रीवास्तव को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश कार्यकारी सदस्य मनोनीत किया है। उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और समर्पण का सम्मान बताते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और प्रदेश मोर्चा प्रभारी तरुण बंसल की सहमति के बाद भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य ने विशाल श्रीवास्तव को प्रदेश कार्यकारी



सदस्य के पद पर मनोनीत किया। इस मनोनयन को संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और कार्यक्षमता पर भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी को उम्मीद है कि वह नई जिम्मेदारी के माध्यम से संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में योगदान देंगे। विशाल श्रीवास्तव प्रभावशाली वक्तृत्व कला, मजबूत जनसंपर्क और संगठनात्मक क्षमता के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी कार्यशैली और सक्रियता के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कार्यकारी सदस्य के रूप में उनसे संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाने तथा पिछड़े वर्ग के लोगों से जुड़े मुद्दों को संगठन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने की अपेक्षा की जा रही है। मनोनीत होने के बाद विशाल श्रीवास्तव ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। वह पार्टी की नीतियों और विचारधारा को आगे बढ़ाने के साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

सुधारीकरण कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया 300 मीटर सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ, इसी माह काम पूरा करने का लक्ष्य

सिडकुल-उकरौली सड़क का शिलान्यास, 56 .61 लाख रुपये होंगे खर्च

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। सिडकुल क्षेत्र के ब्लॉक सी से उकरौली गांव को जोड़ने वाली जर्जर सड़क के सुधारीकरण का कार्य शुरू हो गया है। रविवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने 300 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क के सुधारीकरण पर 56.61 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों और उद्यमियों को राहत मिलने की उम्मीद है। सिडकुल ब्लॉक सी से उकरौली गांव को जोड़ने वाली यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी। सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों और क्षेत्र के उद्यमियों को आवागमन में परेशानी का



सामना करना पड़ रहा था। सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए उकरौली के ग्रामीणों और उद्यमियों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के समक्ष समस्या रखी थी। उन्होंने सड़क के सुधारीकरण की मांग करते हुए बताया था कि जर्जर मार्ग के कारण आवाजाही में दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों और उद्यमियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) के अधिकारियों को सड़क सुधारीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद विभाग की ओर से सड़क निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सड़क के सुधारीकरण के लिए 56.61 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। रविवार को मंत्री ने शिलान्यास कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक कोने तक बेहतर बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र में अच्छी सड़कों के साथ स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों और औद्योगिक इकाइयों से जुड़े मार्गों का बेहतर होना जरूरी है, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। सड़कें विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इनके सुधारीकरण से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलता है। वहीं, सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने मंत्री का आभार जताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद आवागमन की समस्या दूर होगी और गांव तथा सिडकुल क्षेत्र के बीच संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी। लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता सतपाल सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य को इसी माह पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग की ओर से निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, जया जोशी, हरेंद्र सिंह और मुकेश सनवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

पॉक्सो एक्ट में फरार वारंटी बरेली से गिरफ्तार

खटीमा। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी ओमकार को उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2020 में नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में सर्वेश कुमार और उसके पिता ओमकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। ओमकार पर आरोपी बेटे की मदद करने और पीड़ित परिवार को धमकी देने के आरोप थे। जमानत पर रिहा होने के बाद वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने 18 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर ओमकार को बरेली के फैजनगर स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी किशोर पंत, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल उमेश जोशी शामिल रहे।

नर्स बनकर संवारना था भविष्य, हादसे ने छीन ली प्रियंका और क्रांति की जिंदगी

ट्रक-बाइक की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत से तीन परिवारों में मातम

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक प्रियंका। -जागरण मोर्चा



मृतक क्रांति। -जागरण मोर्चा

निघासन। भीरा-पलिया हाईवे पर रपटा पुल के पास शनिवार को हुए सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। ट्रक और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में जान गंवाने वाली निघासन थाना क्षेत्र के बोटन पुरवा निवासी प्रियंका और बोझिया निवासी क्रांति के सपने भी अधूरे रह गए। दोनों वन बीट कालेज में मेडिकल की छात्राएं थीं। अवकाश होने पर वे अपने रिश्तेदार राम जीवन के साथ बाइक से घर जा रही थीं। हादसे में बाइक चला रहे राम जीवन की भी मौत हो गई।प्रियंका और क्रांति अपने-अपने परिवार की सबसे छोटी बेटियां थीं। माता-पिता ने उन्हें पढ़ा-लिखाकर आत्मनिर्भर बनाने और बेहतर भविष्य देने के सपने संजोए थे। दोनों नर्सिंग की पढ़ाई पूरी कर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती थीं। परिवार को उम्मीद थी कि बेटियां पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने सपनों को साकार करेंगी, लेकिन एक हादसे ने सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जिन बेटियों के भविष्य को संवारने के लिए परिवार ने सपने देखे थे, उनके असमय चले जाने से घरों में खुशियों की जगह मातम छा गया। हादसे की खबर पहुंचते ही दोनों छात्राओं के परिवारों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों को इस दुखद सूचना पर यकीन करना मुश्किल हो रहा था। जिन बेटियों को पढ़ाई पूरी कर अपने भविष्य की नई शुरुआत करनी थी, उनके हमेशा के लिए बिछड़ जाने से परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।प्रियंका और क्रांति की उम्र अभी सपनों को उड़ान देने की थी। पढ़ाई पूरी कर आत्मनिर्भर बनने की राह पर बढ़ रहीं दोनों छात्राओं का सफर अचानक थम गया। उनकी मौत से माता-पिता की उम्मीदें बिखर गईं। वहीं, हादसे में राम जीवन की मौत से तीसरे परिवार ने भी अपना सदस्य खो दिया। एक दुर्घटना ने तीन परिवारों को ऐसा दर्द दिया, जिसे शब्दों में बयां करना आसान नहीं है।

तीन दिन से लापता अधेड़ का तालाब में मिला शव, मौत की गुत्थी उलझी

जागरण मोर्चा कार्यालय



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़। -जागरण मोर्चा

निघासन। तीन दिन से लापता 45 वर्षीय राम खेलावन गौतम का शव रविवार अलसुबह गांव के बाहर तालाब में मिलने से क्षेत्र में हलचल मच गई। घर से लापता होने के बाद परिजन अपने स्तर से उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। तीसरे दिन तालाब में शव मिलने की सूचना से परिवार में चीख-पुकार मच गई। उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है।धौरहरा क्षेत्र के ग्राम कुम्हेना निवासी राम खेलावन गौतम पुत्र बिंद्राप्रसाद तीन दिन पहले लापता हो गए थे। परिजनों के मुताबिक, उनके लापता होने की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। परिवार के लोग खुद ही उनकी तलाश में जुटे थे। इसी बीच रविवार सुबह गांव के बाहर तालाब में उनका शव उतराता मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि राम खेलावन घर के दक्षिण दिशा में स्थित तालाब के पास शौच के लिए गए थे। इसके बाद से ही उनका पता नहीं चला था। हालांकि, वह तालाब तक कैसे पहुंचे और उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

: प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि तालाब में एक व्यक्ति का शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने के बाद पात्रता और नियमानुसार पीड़ित परिवार को आपदा सहायता के रूप में चार लाख रुपये दिए जाएंगे। फिलहाल राम खेलावन की मौत को लेकर कई सवाल बने हुए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद से परिजन शोक में डूबे हैं।

बरी अंजनिया में हॉटमिक्स सड़क और हल्दी गौशाला में दो नए शेड का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और गोवंश संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरी अंजनिया में लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्मित हॉटमिक्स सड़क का शुभारंभ किया गया। वहीं, ग्राम हल्दी स्थित गौशाला में गोवंश के लिए दो नए शेड और खुले चबूतरों के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। हॉटमिक्स सड़क बनने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लंबे समय से सड़क संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे लोगों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है। इसके बाद हल्दी स्थित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गोवंश के लिए अतिरिक्त आश्रय व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से दो नए शेड और खुले चबूतरों के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। इससे गौशाला में मौजूद गोवंश को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते 24 सितंबर को हल्दी गौशाला के लोकार्पण के अवसर पर इसके विस्तार के लिए धनराशि स्वीकृत करने की घोषणा की थी। निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शोभनाथ मौर्य, सतीश भट्ट, भास्कर सम्मल, सतीश मौर्य, दीपक मौर्य, देवेंद्र सिंह रिंकू, प्रधान खिंडा, बलराज सिंह और जसवंत सिंह बग्गा सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अंकिता हत्याकांड में कथित वीआईपी पर कार्रवाई की मांग, यूकेडी ने भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



अंकिता भंडारी हत्याकांड में निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपते (यूकेडी) के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

राज्यपाल नियुक्ति को लेकर भी जताया विरोध, निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की उठाई मांग

खटीमा। अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी की भूमिका को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताया। यूकेडी के खटीमा विधानसभा प्रत्याशी रोहित भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, जांच से जुड़े तथ्यों को सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। इसके बावजूद कथित वीआईपी की भूमिका को लेकर उठ रहे सवालों पर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। यूकेडी नेता रोहित भट्ट ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित वीआईपी की भूमिका को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब मिलना चाहिए। उन्होंने मामले की जांच से संबंधित तथ्यों को सार्वजनिक करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने दुष्यंत गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भी विरोध जताया और नियुक्ति आदेश रद्द करने की मांग की। उनका कहना था कि मामले की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर इसकी प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए। रोहित भट्ट ने कहा कि जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिलता, तब तक उत्तराखंड क्रांति दल इस मुद्दे को उठाता रहेगा। इस दौर ज्ञापन में उत्तराखंड क्रांति दल जिलाध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी, नानकमत्ता विधानसभा के समप्रत्याशी कैलाश पांग्ति, शिव शंकर भाटिया, होशियार सिंह जेठी, शमशेर चंद, राजेश सिंह, पार्वती देवी, गोविंद सिंह, चंचल सिंह खनका, जोध सिंह मनोला, योगेश बोरा आदि के नाम अंकित थे।

संक्षेप समाचार

17 से 24 अक्टूबर तक चलेगा बूथों पर पुनरीक्षण अभियान, आयोग द्वारा युवा व महिला मतदाताओं पर फोकस



पुनरीक्षण कार्यक्रम में शामिल बीएलओ। -जागरण मोर्चा

धौरहरा खीरी। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए निर्वाचन आयोग के आदेश पर तहसील प्रशासन द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2027 के आधार पर क्षेत्र भर में विशेष कैम्प शनिवार 17 अक्टूबर 2026 व 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।इस कारण 17 अक्टूबर 2026 को विशेष कैम्प दिवस पर क्षेत्रीय मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित तहसील प्रशासन द्वारा की गई और युवा तथा महिला मतदाताओं को विशेष रूप से मतदाता सूसी में सम्मिलित करने हेतु प्रेरित किया गया।इसी कृम में तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशालसहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 141 धौरहरा विधानसभा द्वारा बूथ नंबर 121122123124 व 125 राजकीय इण्टर कालेज रामबटटी म0 धौरहरा देहात के बूथों का निरीक्षण करते हुए जिम्मेदारो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।


ढाई करोड़ की जमीन हड़पने के आरोप में एससी-एसटी एक्ट की धाराएं बढ़ीं, मुख्य आरोपी की जमानत अर्जी खारिज



खटीमा। हनीट्रैप और सोना निकालने का लालच देकर हाईवे से लगी करीब ढाई करोड़ रुपये की जमीन हड़पने के आरोपों के मामले में खटीमा पुलिस ने विवेचना के दौरान एससी-एसटी एक्ट की धाराएं बढ़ा दी हैं। वहीं, मामले के मुख्य आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने खारिज कर दी है। पुलिस के अनुसार, भूड़ महोलिया निवासी रणधीर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि आरोपियों ने साजिश के तहत उमेश सिंह को हनीट्रैप में फंसाकर और सोना निकालने का लालच देकर हाईवे से लगी करीब ढाई करोड़ रुपये की जमीन हड़पने का प्रयास किया। विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर 16 अक्टूबर को मुकदमे में एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(1)(च) और 3(1)(छ) की बढ़ोतरी की गई। पुलिस के मुताबिक, मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि दोनों मुख्य आरोपीयों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी ने अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खटीमा की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। 17 अक्टूबर को न्यायालय ने जमानत याचिका खारिज कर दी। पुलिस अब दोनों मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास करने के साथ मामले की आगे जांच कर रही है।

डायनेस्टी गुरुकुल की दिव्या कापड़ी ने नेशनल एथलेटिक्स मीट में जीता कांस्य पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय



खटीमा। डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की छात्रा दिव्या कापड़ी ने सीबीएसई नेशनल क्लस्टर एथलेटिक्स मीट में हाई जंप स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पंजाब के पटियाला में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में दिव्या ने 1.53 मीटर ऊंची कूद लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। दिव्या की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंधन ने खुशी जताते हुए उन्हें, उनके प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने कहा कि छात्रा की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विद्यालय में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थी भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन सहित खेल प्रशिक्षकों और शिक्षकों ने दिव्या को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी को दी गई श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय



कांग्रेस कार्यालय में पूर्व सीएम एनडी तिवारी को दी श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी की जन्मतिथि एवं पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस वाले उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा के भूड़ महोलिया स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय एनडी तिवारी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. नारायण दत्त तिवारी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया। कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, जनसेवा और प्रदेश के विकास में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वहां दीपक बिष्ट ब्लॉक अध्यक्ष झनकट, रमेश रौतेला प्रभारी विधानसभा खटीमा, गौरव राणा विधायक प्रतिनिधि, दीपक सिंह, अजय राणा, नरेंद्र आर्य, जवाहर राणा पूर्व जिलाध्यक्ष, मनीष राणा आदि मौजूद थे।

उत्तरांचल संगीत एवं कला समिति में परीक्षाफल वितरण और भजन गायन कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



उत्तरांचल संगीत एवं कला समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परीक्षाफल वितरित करते पालिका अध्यक्ष जोशी। -जागरण मोर्चा

खटीमा। उत्तरांचल संगीत एवं कला समिति के प्रांगण में 18 अक्टूबर को परीक्षाफल वितरण एवं भजन गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे कलाकारों ने अपनी संगीत प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। संगीत विद्यालय के संचालक ललित मोहन जोशी के निर्देशन में क्षेत्र के बच्चों को संगीत की शिक्षा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी रहे। उन्होंने बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं हार्दिक गहतोड़ी और उद्यांश जोशी ने तबला वादन प्रस्तुत किया। वहीं अक्षत भट्ट, निखिल, प्रश्वित, माही पाण्डेय, भूमिका जोशी और साक्षी भट्ट की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। भजन गायन के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कीर्ति बल्लभ गहतोड़ी और मनीषा कल्पासी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सुमन गहतोड़ी, काव्या, कल्पना धामी, प्रेमा जोशी, रेखा पाण्डेय सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को संगीत के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने का संदेश दिया गया।

2027 में सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ उतरेगी यूकेडी: काशी सिंह ऐरी

खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने नानकमत्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा के साथ भ्रष्टाचार उन्मूलन, बेरोजगारों को रोजगार, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और पुरानी पेंशन योजना लागू करना पार्टी के प्रमुख मुद्दे हैं। ऐरी ने दावा किया कि इस बार प्रदेश में उनकी सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अत्याचार से आमजन परेशान हो चुका है, जिसके चलते जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने यूकेडी को मजबूत करने और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने की बात कही।

बुक्सा समाज ने ग्राम बेरिया दौलत में लगे सरकारी कांटे को हटाने की मांग की

जागरण मोर्चा कार्यालय



उपजिलाधिकारी बाजपुर ऋचा सिंह को ज्ञापन देते बुक्सा समाज के लोग।

बाजपुर। बुक्सा जनजाति कल्याण समिति ने आज ग्राम पंचायत बेरिया दौलत में बुक्सा परिषद प्रांगण में लगाए गए सरकारी तौल कांटे को हटाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी बाजपुर ऋचा सिंह को एक ज्ञापन सौंपा समिति का कहना है कि इस कांटे के कारण समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। उप जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बुक्सा समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम बेरिया दौलत स्थित बुक्सा परिषद/ बुक्सा जनजाति कल्याण समिति का कार्यालय भवन परिसर पूरे समाज का सांस्कृतिक, सामाजिक और सामुदायिक केंद्र है। यहाँ समाज की महत्वपूर्ण बैठकें और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। समिति ने शिकायत की है कि पिछले कुछ समय से इस प्रांगण में सरकारी तौल कांटा लगा दिया गया है, जिससे क्षेत्र में कई गंभीर समस्याएं पैदा हो गई हैं। प्रांगण में भीड़भाड़ रहने के कारण समाज के नियमित कार्यक्रमों और बैठकों के आयोजन में दिक्कतें आ रही हैं। भारी वाहनों के लगातार आवागमन से बुक्सा परिषद की भूमि और भवन को नुकसान पहुँच रहा है तौल कांटे पर आने वाले वाहनों और लोगों के कारण आए दिन परिसर में भारी भीड़ जमा हो जाती है, जिससे अक्सर विवाद और अशांति की स्थिति बनी रहती है। बुक्सा समाज ने जनहित और सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से बेहद विनम्र निवेदन किया है कि इस सरकारी कांटे को बुक्सा परिषद के प्रांगण से तत्काल हटाकर किसी अन्य उपयुक्त सार्वजनिक स्थान पर स्थानांतरित (शिफ्ट) किया जाए। समिति के सदस्यों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन उनकी इस जायज मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में बुक्सा जनजाति कल्याण समिति के पदाधिकारियों सहित समस्त बुक्सा जनजाति समाज के लोग शामिल रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी इलाके के एक गांव में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 16 अक्टूबर की रात करीब अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थी। उसके पति काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला संदीप रामभजन घर की उत्तरी दीवार फांदकर अंदर घुस आया। आहट सुनकर महिला की नींद खुल गई। महिला का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर गांव में बेइज्जत करने की धमकी दी। महिला के शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाली सीता मौके पर पहुंच गई। आरोप है कि इसके बाद संदीप ने दोनों महिलाओं को गाली-गलौज दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया।पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व: अब अनुभवी नेचर गाइड ही कराएंगे जंगल की सैर

सफारी चालकों को भी दिया जा रहा प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



पीलीभीत। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र एक नवंबर से शुरू होगा। इस बार नेचर गाइडों के चयन में लिखित परीक्षा समाप्त कर दी गई है। अब अनुभवी गाइडों को प्राथमिकता मिलेगी। पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए 100 नेचर गाइड और 100 सफारी चालकों का आठ दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में नए पर्यटन सत्र के दौरान सैलानियों को जंगल की सैर कराने की जिम्मेदारी अनुभवी नेचर गाइडों को दी जाएगी। गाइडों के चयन की प्रक्रिया में बदलाव करते हुए इस बार लिखित परीक्षा की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब पीटीआर में पहले काम कर चुके गाइडों को प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं, पर्यटकों को जंगल और वन्यजीवों की बेहतर जानकारी देने के लिए 100 नेचर गाइड और 100 सफारी वाहन चालकों का आठ दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र एक नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर रिजर्व प्रशासन तैयारियों में जुटा है। महोफ रेंज के प्रसिद्ध इको टूरिज्म स्थल चूका बीच पर हटों का रंग-रोगन कराया जा रहा है। सफारी मार्गों की साफ-सफाई और मरम्मत का काम भी तेजी से चल रहा है। पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ जंगल सफारी को सुरक्षित और जानकारीपूर्ण बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

महोफ रेंज के मुस्तफाबाद में 17 से 24 अक्तूबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसके लिए पुणे से दो विशेषज्ञों को बुलाया गया है। विशेषज्ञ नेचर गाइडों को जंगल, वन्यजीवों और पक्षियों से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं। वहीं, सफारी वाहन चालकों को जंगल में वाहन संचालन और वन्यजीवों की साइटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह है कि सैलानियों को जंगल सफारी के दौरान वन्यजीवों के बारे में सही जानकारी मिले और उनकी सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। पीटीआर प्रशासन ने इस बार नेचर गाइडों के चयन में अनुभव को प्राथमिकता दी है। पिछले पर्यटन सत्रों में लिखित परीक्षा कराकर वरीयता क्रम के आधार पर गाइडों का चयन किया जाता था।

माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर अचानक दिखा बाघ, राहगीरों में बढ़ी हलचल

लीभीत। टाइगर रिजर्व के बाघ एक बार फिर लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर अचानक बाघ दिखाई देने से राहगीरों का ध्यान उसकी ओर खिंच गया। इस दौरान लोगों ने बाघ का वीडियो अपने कैमरे में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जंगल के बीच सड़क के आसपास बाघ की मौजूदगी का यह नजारा लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपने घने जंगलों और समृद्ध वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है। जंगल से सटे मार्गों पर बाघ की मौजूदगी वन्यजीवों की सक्रियता को दर्शाती है। वन्यजीवों की सुरक्षा और अपनी हिफाजत के लिए राहगीरों को सतर्क रहने की जरूरत है। बाघ दिखाई देने पर उसके नजदीक जाने, शोर मचाने, घेरने या वाहन से उतरकर वीडियो बनाने से बचना चाहिए। सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए वन विभाग के निर्देशों का पालन करना जरूरी है।

संक्षेप समाचार

तमंचे के साथ एक गिरफ्तार, जेल भेजा

पूरनपुर। पुलिस ने चैकिंग के दौरान मदारपुर के पास संदिग्ध अवस्था में खडे एक आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 वोर का एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में पकडे गए आरोपी ने अपना नाम यासीन निवासी साहूकारा कोतवाली पूरनपुर बताया। पकडे गए आरोपी पर सुनगढी, पूरनपुर, शाहजंहापुर के खुटार थाने पर गौकशी के मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्या ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

घुंघचाई में पेट्रोल पर की गई तोडफोड, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी डालचन्द का घुंघचाई में हाईवे पर उमाशंकर फीलिग स्टेशन के नाम से पैट्रोल पंप संचालित है। 17 अक्तूबर को वह अपने पैट्रौल पंप पर घुंघचाई आया था। आरोप है कि सगा भाई घुंघचाई निवासी खुशपाल ने पैट्रोल पंप से अवैध रुप से बिजली जला रखी थी। जब पीडित डालचन्द ने इसका विरोध किया तो सगा भाई खुशपाल आया और गंदी गंदी गालियां देने लगा। जब पीडित ने इसका विरोध किया तो विवाद कर मारपीट करने पर आमादा हो गया। इसके बाद खुशपाल ने हथौडे से पैट्रौल पंप की चार मशीनों को तोडकर छतिग्रस्त कर डाला। जिससे पंप पर खलवली मच गई, आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पंप पर मौजूद लोगों ने वमुश्किल विवाद को शांत कराया। इसके बाद मामले की सूचना घुंघचाई पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पीडित डालचन्द ने घुंघचाई थाने पहुंच कर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने पीडित कि तहरीर के आधार पर खुशपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पडताल शुरु कर दी है। पीडित ने बताया कि चारों मशीने छतिग्रस्त कर देने से उसका काफी नुकसान हो गया। मशीनों के तोड देने से पंप पर आए ग्रहक विना तेल लिए ही मौके से चलेगे,वताया जाता है कि दोनो भाई में बटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस ने बताया कि घुंघचाई पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को शांतिभंग की आंशका में जेल भेजा है।

अवैध तमंचे और कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



तमंचे के साथ गिरफ्तार आरोपी। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना घुंघचाई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान घुंघचाई तिराहे के पास से एक शातिर अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ धर दबोचा। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और संदिग्धों की चेकिंग के क्रम में यासीन पुत्र मुन्ने (निवासी मोहल्ला साहूकारा, वार्ड नंबर 02, कस्बा व थाना पूरनपुर, जनपद पीलीभीत) को हिरासत में लिया। अभियुक्त की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर थाना घुंघचाई में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 147/2026, धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का आपराधिक इतिहास काफी पुराना रहा है। उस पर पहले से ही पीलीभीत के सुनगढ़ी और पूरनपुर थानों के अलावा शाहजहांपुर के खुटार थाने में गोवध निवारण अधिनियम, चोरी, धोखाधड़ी और डकैती की योजना बनाने जैसे गंभीर मामलों के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी विकास कुमार तथा आरक्षी दीपक कुमार व प्रद्युम्न कुमार शामिल रहे। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

हाईवे के गड्ढे से दर्दनाक हादसा, 40 वर्षीय महिला की मौत



हादसे के बाद मृतका के परिजन व पुलिस। -जागरण मोर्चा

जहानाबाद। अप्सरा नदी के पास हरिद्वार-पीलीभीत नेशनल हाईवे पर गड्ढे से बचने के प्रयास में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक पर सवार 40 वर्षीय सविता देवी गंगवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, सविता देवी अपने बेटे अमन गंगवार के साथ उत्तराखंड के रुद्रपुर से अपने गांव मीरापुर लौट रही थीं। नवरात्रि पर घर पहुंचकर कन्या भोज कराने की तैयारी के बीच हुए इस हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। मृतका अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी छोड़ गई हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। हाईवे पर बने गड्ढों के कारण हुए इस दर्दनाक हादसे ने सड़क सुरक्षा और गड्ढों की मरम्मत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

साक्षी राठौर ने फिर से बिलसंडा का नाम किया रोशन वर्ष 2023 की बीएड परीक्षा में जीता था स्वर्ण पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय



साक्षी राठौर। -जागरण मोर्चा

बिलसंडा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक एल.टी. ग्रेड गृह विज्ञान परीक्षा में नगर की साक्षी राठौर ने बाजी मार ली।इस बार उन्होंने 111वीं रैंक प्राप्त कर अपना चयन सुनिश्चित किया।जिसका परिणाम 17 अक्टूबर को घोषित किया गया।वह हाई स्कूल के बच्चों को गृह विज्ञान पढ़ाएंगी। नगर निवासी स्व.रामेश्वर राठौर की पुत्री साक्षी राठौर ने वर्ष 2016 में हाईस्कूल परीक्षा में पीलीभीत जनपद में नौवाँ स्थान प्राप्त किया था।जबकि वर्ष 2023 में बीएड परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक भी प्राप्त किया।साक्षी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) एवं कनिष्ठ शोधवृत्ति (जेआरएफ) परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर नौवीं रैंक प्राप्त की।वर्तमान में वह महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में गृह विज्ञान विषय से पीएच.डी. पर शोध कर रही हैं। बीते दिवस उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अध्यापक (एल.टी. ग्रेड) गृह विज्ञान के घोषित हुए परीक्षा परिणाम में उन्होंने 111वीं रैंक प्राप्त कर अपना चयन सुनिश्चित कर लिया। इससे पहले उनकी बड़ी बहन आयुषी भी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएँ दे रही हैं। उनका चयन केंद्रीय विद्यालय, तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु में प्राथमिक शिक्षक (पीआरटी) के पद पर हुआ है।वह दिसंबर 2023 से वहाँ कार्यरत हैं।दोनों होनहार बहनों की नगरवासियों ने प्रशंसा की।पेशे से इलेक्ट्रिशियन साक्षी के भाई तुषार राठौर ने बताया घर में खुशी का माहौल है। कामयाबी के लिए नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता,पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल,व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल,आशीष सक्सेना सहित तमाम लोगों ने घर जाकर उन्हें बधाई दी।

नवरात्र में आस्था का अनोखा नजारा, 8 दिनों से कीलों की सैया पर लेटीं नन्ही देवी, दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय



कीलों की शैय्या पर लेटी नन्ही देवी। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत पजावा से आस्था और भक्ति से जुड़ा एक अनोखा मामला सामने आया है। गांव निवासी नन्ही देवी पत्नी अटल बिहारी, उम्र करीब 30 वर्ष, नवरात्र के प्रथम दिन से लोहे की कीलों वाली शैय्या पर लेटी हुई हैं। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, नन्ही देवी ने माता रानी के प्रति अपनी मन्नत और श्रद्धा के चलते यह कठिन साधना शुरू की है। बताया जा रहा है कि वह पिछले आठ दिनों से कीलों की शैय्या पर लेटकर मां दुर्गा की आराधना कर रही हैं। इस अनोखे धार्मिक अनुष्ठान की जानकारी मिलने के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालु उन्हें देखने पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों के बीच इसको लेकर चर्चा बनी हुई है और लोग इसे उनकी अटूट आस्था और विश्वास से जोड़कर देख रहे हैं। नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत पजावा में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। नन्ही देवी की इस अनोखी साधना को देखने के लिए गांव और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

मैगलगंज हाईवे पर हादसे को दावत दे रहे धान भरे वाहन

रात्रि के दौरान अधिक बनी रहती है हादसे की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय



हाईवे पर खडे आडे तिरछे वाहन। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। घुंघचाई गांव में स्थित किसान राइस मिल पर धान खरीद के दौरान मैगलगंज हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रालियों के बेतरतीब खड़े होने से लंबा जाम लग रहा है। हाईवे पर आड़े-तिरछे खड़े ट्रैक्टर-ट्राली न केवल यातायात बाधित कर रहे हैं, बल्कि बड़े हादसे को भी दावत दे रहे हैं।मिल के बाहर हाईवे किनारे दोनों ओर सैकड़ों मीटर तक ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी रहती हैं। कई ट्रालियां तो हाईवे की मुख्य लेन तक आ जाती हैं। इससे पीलीभीत- पूरनपुर- मैगलगंज मार्ग पर आने-जाने वाले राहगीरों, स्कूली वाहनों और एंबुलेंस तक को निकलने में भारी परेशानी हो रही है। शाम के समय स्थिति और खराब हो जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि राइस मिलर अपनी मनमानी पर उतारू है। धान खरीद के लिए मिल के अंदर पर्याप्त व्यवस्था न कर सीधे हाईवे को ही पार्किंग बना दिया गया है। न तो ट्रैक्टर-ट्रालियों को कतार में लगवाने के लिए कोई कर्मचारी लगाया गया है और न ही जाम खुलवाने की कोई व्यवस्था है। मनमाने ढंग से वाहन खड़े करवाए जा रहे हैं। रात के समय हाईवे पर बिना रेडियम और बिना लाइट के खड़ी ट्रालियां और भी खतरनाक हो जाती हैं। तेज रफ्तार से आ रहे वाहन अचानक ब्रेक लगाते हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत भी की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हाईवे पर रोजाना लग रहे जाम और हादसे के खतरे के बावजूद प्रशासन बेखबर बना हुआ है। न तो मंडी प्रशासन मौके पर व्यवस्था देख रहा है और न ही स्थानीय पुलिस यातायात को सुचारू कराने में रुचि ले रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते मिल के बाहर से ट्रैक्टर-ट्रालियां नहीं हटवाई गईं तो बड़ा हादसा हो सकता है। किसानों का कहना है कि मिल स्वामी को मिल के अंदर या साइड में खाली पड़ी जमीन पर ट्रैक्टर-ट्रालियों को खड़ा करवाना चाहिए। टोकन सिस्टम से धान की खरीद हो तो हाईवे पर जाम नहीं लगेगा। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि हाईवे को जाम से मुक्त कराया जाए और राइस मिलर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। थाना घुंघचाई क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम निवासी एक नाबालिग किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और घर से जेवरात चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग भतीजी नौ अक्टूबर 2026 की रात को अचानक घर से गायब हो गई। परिजनों ने जब घर की छानबीन की, तो पता चला कि घर में रखे सोने-चांदी के जेवर भी गायब हैं। परिजनों द्वारा लगातार की जा रही खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि पूरनपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला कायस्थान निवासी युकव किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। गौर अधिकारी के अनुसार, जब वह इस संबंध में बातचीत करने आरोपी शिवा के घर पहुंचे,तो किशोरी को चार दिनों के भीतर वापस लाने का आश्वासन दिया। जब चार दिन बीत जाने के बाद परिजन दोबारा बात करने पहुंचे, तो आरोपी के भाई ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए उन्हें भगा दिया और दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि उनकी नाबालिग भतीजी की जान-माल को गंभीर खतरा हो सकता है। लगातार खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने 18 अक्टूबर 2026 को थाना घुंघचाई पहुँचकर पुलिस को लिखित सूचना दी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

2027 चुनाव की रणनीति को लेकर सपा कार्यालय में अहम बैठक

30-35 सीटों पर सिमटेगी भाजपा : इमरान

जागरण मोर्चा कार्यालय



आगामी चुनाव की रणनीति बनाते सपाई। -जागरण मोर्चा

पूरनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय, 19-विक्रमादित्य मार्ग पर लखनऊ कैंपस की GEN.S. टीम की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2027 के चुनाव की विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में आमंत्रित सुझावकर्ता एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरनपुर से सैयद इमरान अली साबरी और उनके सहायक के. के. श्रीवास्तव ने 2027 के चुनाव के लिए 'गेम प्लान' की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक के दौरान आकलन रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में केवल 30 से 35 सीटों पर सिमटने की स्थिति में है। इसी वजह से भाजपा में हार का भय बना हुआ है। सैयद इमरान अली साबरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से हार के डर से सतर्क और सावधान रहने का आह्वान किया और 'पॉइंट टू पॉइंट' (बिंदुवार) कार्य करने के निर्देश दिए।

मां-बेटे को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। घुंघचाई थाना क्षेत्र गांव बलरामपुर निवासी सतीश कुमार यादव ने बताया कि गांव निवासी डब्लू ऊर्फ बाबू उसकी जगह पर शौच कर रहा था। इसी दौरान सतीश की मां सिया देवी ने पेसाश करने से मना किया, इसी दौरान पीडित सतीश भी मौके पर आ गया। आरोप है कि युवक मां और वेटे को गाली गलौच करने लगा, विरोध करने पर दोनों को मारा पीटा। इसके बाद तरांती से हमला कर दिया। जिससे मां वेटे घायल हो गए। शोर मचाने पर आस पडोस के लोग मौके पर आ गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। घायल दोनो थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना शुरु कर दी गई।

दुर्गा पूजा अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई आदि देखी

दुर्गा पूजा पंडाल और रामलीला मैदान का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिलाधिकारी आलोक कुमार और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने खकरा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल तथा बीसलपुर के श्रीरामलीला मैदान का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा, भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई और आयोजन स्थलों पर की गई अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डीएम और एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। पूजा पंडाल और रामलीला मैदान में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के साथ भीड़ प्रबंधन एवं साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने पुलिस कर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बीसलपुर, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी, पुलिसकर्मी और मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



भारत ने नौ विकेट से जीता दूसरा मैच

शेफाली-मंधाना के तूफान में उड़ा जिम्बाब्वे, मेजबानों ने बनाई अजेय बढ़त

जागरण मोर्चा कार्यालय



रायपुर। भारत ने दूसरे महिला टी20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में 55 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि कप्तान स्मृति मंधाना 47 रन बनाकर नाबाद रहीं। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 102/8 के स्कोर पर रोक दिया। भारत ने लक्ष्य महज 8.5 ओवर में हासिल कर लिया। शेफाली वर्मा की तूफानी बल्लेबाजी और स्मृति मंधाना की शानदार पारी के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी20 मुकाबले में नौ विकेट से हरा दिया। रविवार को खेले गए इस मैच में भारत ने 103 रनों के लक्ष्य को महज 8.5 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। शेफाली वर्मा ने 25 गेंदों में 55 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कप्तान स्मृति मंधाना 47 रन बनाकर नाबाद लौटीं। दोनों ने पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। इस सीरीज जीत के साथ स्मृति मंधाना ने पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत भी जीत के साथ की।

103 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।शेफाली ने महज 25 गेंदों में 55 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान चौकों और छक्कों की बरसात की। ऑफ स्पिनर बिलव्ड बिजा की गेंद पर छक्का लगाकर शेफाली ने अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके टी20 इंटरनेशनल करियर का 22वां अर्धशतक रहा। भारतीय ओपनर ने मिशेल मावुंगा के एक ओवर में लगातार तीन गेंदों पर 4, 4 और 6 रन बटोरकर अपने इरादे साफ कर दिए। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के सामने जिम्बाब्वे की गेंदबाज बेबस नजर आईं।

भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने भी शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने नाबाद 47 रन बनाए और शेफाली के साथ मिलकर टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। मंधाना ने तेज गेंदबाज न्याशा ग्वांजुरा के खिलाफ लगातार चार चौके जड़कर अपनी लय का प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने ओलिंडर चारे की गेंद पर शानदार इनसाइड-आउट छक्का लगाकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने 103 रनों का लक्ष्य सिर्फ 8.5 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। शेफाली और मंधाना की साझेदारी ने मुकाबले को एकतरफा बना दिया। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। निर्धारित 20 ओवर में टीम आठ विकेट खोकर सिर्फ 102 रन बना सकी। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने जिम्बाब्वे को शुरुआती झटका दिया।

निकी प्रसाद का ऐतिहासिक कारनामा: पहली दो गेंदों पर विकेट लेकर मचाया धमाल

जागरण मोर्चा कार्यालय



रायपुर। भारतीय महिला टीम की युवा ऑलराउंडर निकी प्रसाद ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में इतिहास रच दिया। रविवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मैच में निकी ने अपने स्पैल की पहली दो गेंदों पर लगातार दो विकेट झटककर खास उपलब्धि हासिल की। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी गेंदबाजी के स्पैल की पहली दो गेंदों पर विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बनीं। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने जिम्बाब्वे को 20 ओवर में 102/8 के स्कोर पर रोक दिया।

निकी प्रसाद ने इस मुकाबले में दो ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ सात रन देकर दो विकेट हासिल किए। उन्होंने जिम्बाब्वे की पारी के 15वें ओवर में गेंद संभाली और पहली ही गेंद पर चिपो मुगेरी-तिरिपानो को विकेट के पीछे कैच आउट करा दिया। इसके बाद अगली गेंद पर न्याशा ग्वांजुरा को एलबीडब्ल्यू आउट कर निकी ने लगातार दूसरी सफलता हासिल की। इस तरह अपने स्पैल की शुरुआती दो गेंदों पर दो विकेट लेकर उन्होंने भारतीय क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड बना दिया।

अपने प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए निकी प्रसाद ने कहा कि उन्हें गेंदबाजी करने और टीम के लिए योगदान देने का मौका मिलने पर काफी अच्छा लगा। पारी के बीच में उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि आज मुझे गेंदबाजी करने का मौका मिला और मैं उस अवसर का इस्तेमाल टीम की मदद करने के लिए कर सकी।' निकी हैट्रिक लेने के भी करीब पहुंच गई थीं। उनके ओवर की तीसरी गेंद पर मोडेस्टर मुपाचिकवा फ्लिक करने से चूक गईं और गेंद उनके पैड पर लगी। भारतीय खिलाड़ियों ने एलबीडब्ल्यू की जोरदार अपील की, लेकिन टीम ने डीआरएस नहीं लेने का फैसला किया। निकी को लगा कि गेंद लेग स्टंप के बाहर जा रही थी।

अनाया बांगड़ ने कही दिल की बात: 'श्रेयस को मारूंगी, अभिषेक से शादी और शुभमन के साथ'

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ की बेटी अनाया बांगड़ एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उनसे तीन भारतीय क्रिकेटर्स को लेकर ऐसा सवाल पूछा गया, जिस पर उनका जवाब अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आखिर अनाया ने क्या कहा और क्यों हो रही है उनके जवाब की चर्चा?

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगड़ की बेटी अनाया बांगड़ एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में उनके जवाब का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस इंटरव्यू के दौरान अनाया से भारतीय क्रिकेट टीम के तीन चर्चित खिलाड़ियों को लेकर एक दिलचस्प सवाल पूछा गया था।

कृष्णांक अत्रे के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान अनाया बांगड़ से 'किल, मैरी, हुकअप' गेम खेलने के लिए कहा गया। इसमें उन्हें श्रेयस अय्यर, अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल में से अपनी पसंद बतानी थी। इस पर अनाया ने जवाब दिया, 'श्रेयस अय्यर को किल, अभिषेक शर्मा से शादी और शुभमन गिल के साथ हुकअप।' उनके इस जवाब का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और क्रिकेट फैंस के बीच इसकी चर्चा हो रही है।

रणजी ट्रॉफी राउंड-अप : शुभमन गिल की वापसी फीकी, उदय सहारन ने जड़ा शतक ; रिंकू सिंह और आयुष बदोनी भी चमके

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के पहले दिन उदय सहारन, रिंकू सिंह और आयुष बदोनी ने शतक जड़कर शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब के कप्तान सहारन ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ नाबाद 106 रन बनाए, जबकि शुभमन गिल अपनी वापसी के मुकाबले में सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए। उत्तर प्रदेश के रिंकू सिंह ने गोवा के खिलाफ नाबाद 118 रन की पारी खेलकर टीम को मुश्किल से निकाला। वहीं, प्रियांश आर्या 199 रन बनाकर दोहरे शतक से चूक गए और दिल्ली के कप्तान बदोनी ने नाबाद 115 रन बनाए। अन्य मुकाबलों में भी कई टीमों ने मजबूत शुरुआत की।

रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के पहले दिन रविवार को भारतीय क्रिकेट के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब के कप्तान उदय सहारन ने नाबाद शतक जड़कर टीम को संभाला, जबकि शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में वापसी महज पांच गेंदों तक सीमित रही। उत्तर प्रदेश के लिए रिंकू सिंह और दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने भी शतकीय पारियां खेलीं। वहीं, प्रियांश आर्या अपने पहले प्रथम श्रेणी दोहरे शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए।

न्यू चंडीगढ़ के नए पीसीए स्टेडियम में एलीट ग्रुप-बी के मुकाबले में पंजाब ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ पहले दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 269 रन बना लिए। टीम के कप्तान उदय सहारन 106 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके लगाए। भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल इस सीजन में पहली बार रणजी ट्रॉफी खेलने उतरे थे। न्यूजीलैंड दौरे पर रवाना होने से पहले खेले गए इस मुकाबले में वह नंबर चार पर बल्लेबाजी करने आए, लेकिन सिर्फ एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। छत्तीसगढ़ के अजाय मंडल ने उन्हें चकमा देते हुए गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकालकर स्टंप बिखेर दिए। पंजाब ने शुरुआती विकेट गंवाने के बाद सहारन और प्रभसिमरन सिंह के बीच चौथे विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी के दम पर वापसी की। प्रभसिमरन ने 133 गेंदों पर 62 रन बनाए। उन्हें धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद सहारन ने जिम्मेदारी संभाली और 168 गेंदों में अपना तीसरा प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। विकेटकीपर बल्लेबाज सलिल अरोड़ा 75 गेंदों पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने अंतिम सत्र में बिना कोई और विकेट गंवाए पंजाब के स्कोर में 71 रन जोड़े। सहारन ने 2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी, जहां टीम उपविजेता रही थी। छत्तीसगढ़ के बाएं हाथ के स्पिनरों जडेजा और मंडल के खिलाफ उन्होंने स्वीप और स्लॉग स्वीप शॉट्स का अच्छा इस्तेमाल किया।

भारतीय टीम के टॉप ऑर्डर में बढ़ी प्रतिस्पर्धा: नंबर-3 से नंबर-6 पर पहुंचे तिलक

जागरण मोर्चा कार्यालय



बंगलूरू। भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा है कि वह टीम की जरूरत के मुताबिक किसी भी बल्लेबाजी क्रम में खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने नंबर-3 की बजाय फिनिशर की भूमिका निभाने पर भी सहमति जताई और कहा कि वह एक दिन के अभ्यास में अपनी भूमिका के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं।

भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने साफ कर दिया है कि टीम की जरूरत के मुताबिक वह किसी भी बल्लेबाजी क्रम में खेलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए बल्लेबाजी का नंबर मायने नहीं रखता, बल्कि देश के लिए मैच खत्म करना सबसे ज्यादा अहम है। तिलक ने माना कि नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए मैच फिनिश करना अपेक्षाकृत आसान होता है, लेकिन टीम संयोजन को देखते हुए वह नंबर-6 पर फिनिशर की भूमिका निभाने के लिए भी मानसिक रूप से तैयार हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज समाप्त होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में तिलक वर्मा ने अपनी बल्लेबाजी की भूमिका और टीम की रणनीति पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह नंबर-3 और नंबर-5 जैसे अलग-अलग स्थानों पर बल्लेबाजी करने की तकनीक रखते हैं और जरूरत पड़ने पर खुद को जल्द ढाल सकते हैं।

तिलक वर्मा ने कहा कि नंबर-3 से नंबर-6 तक अपनी भूमिका बदलना आसान नहीं होता, लेकिन वह टीम के लिए फिनिशर की जिम्मेदारी निभाना पसंद करते हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभालने और मैच को अंजाम तक पहुंचाने के लिए ज्यादा समय मिलता है, जबकि नंबर-6 पर परिस्थितियां अलग होती हैं।

तिलक ने कहा, 'नंबर-3 से नंबर-6 तक अपनी भूमिका बदलना इतना आसान नहीं है। मुझे देश के लिए मैच खत्म करना पसंद है। मैं इस जिम्मेदारी को पसंद करता हूं। हां, नंबर-6 की तुलना में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए मैच फिनिश करना आसान होता है, लेकिन शीर्ष क्रम में हमारा संयोजन अच्छा है और खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मैं फिनिशर की भूमिका के लिए मानसिक रूप से तैयार हूं और इस नंबर पर खेलते हुए कुछ मैच भी जिता चुका हूं।'

उन्होंने आगे कहा कि उनके पास मैदान के चारों ओर शॉट खेलने की क्षमता है और वह टीम की जरूरत के हिसाब से अपनी बल्लेबाजी में बदलाव कर सकते हैं। तिलक के मुताबिक, किसी दूसरे बल्लेबाजी क्रम में खुद को ढालने के लिए उन्हें सिर्फ एक दिन के अभ्यास की जरूरत है।

भारतीय टी20 टीम में इस समय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की भरमार है। वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ियों के बीच बल्लेबाजी क्रम में जगह बनाने की प्रतिस्पर्धा है।

टीम प्रबंधन फिलहाल अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और ईशान किशन को शीर्ष क्रम में मौका दे रहा है, जबकि कप्तान चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। ऐसे में तिलक वर्मा को अपनी जगह बनाए रखने के लिए मध्यक्रम में जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में नीतीश रेड्डी, नमन धीर और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया। इससे भारतीय टीम की बल्लेबाजी और मजबूत हुई है, लेकिन विशेषज्ञ गेंदबाजों की संख्या कम होने से गेंदबाजी संयोजन पर भी सवाल उठे हैं।

तिलक वर्मा ने सीरीज के दौरान भारतीय टीम की बल्लेबाजी पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि हर मैच में 200 से अधिक रन बनाना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। इसके साथ ही उन्होंने नमन धीर की गेंदबाजी की भी तारीफ की, जिन्होंने सीरीज में पांच विकेट हासिल किए। तिलक ने कहा, 'सकारात्मक बात यह है कि हमने हर मैच में 200 से ज्यादा रन बनाए हैं। यह टीम के लिए अच्छा संकेत है। नमन धीर की गेंदबाजी भी बड़ी सकारात्मक बात रही। दबाव में दाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ एक ऑफ स्पिनर का गेंदबाजी करना और विकेट हासिल करना टीम के लिए अच्छा संकेत है।'

'कैरेबियाई टीम को आर्थिक सहारे की जरूरत', कोच डेरेन सैमी ने निवेश बढ़ने की उम्मीद जताई

जागरण मोर्चा कार्यालय

बंगलूरू। वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने उम्मीद जताई है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट में निवेश बढ़ेगा। वेस्टइंडीज ने सीमित ओवर की सीरीज में भारत को कड़ी टक्कर दी।

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डेरेन सैमी को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ कांटे की टक्कर वाली सीरीज से प्रायोजकों के साथ बेहतर बातचीत का रास्ता खुलेगा और आर्थिक संकट से जूझ रहे वेस्टइंडीज क्रिकेट में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि किसी को आर्थिक रूप से कैरेबियाई क्रिकेट का सहारा बनना होगा। वेस्टइंडीज ने भारत दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी। टीम वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद 1-2 से पिछड़ गई, जबकि पांच मैचों की टी20 सीरीज 2-2 से बराबर रही। सैमी इस प्रदर्शन को अपने देश के क्रिकेट की आर्थिक स्थिति सुधारने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। वेस्टइंडीज क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के 1997 में अपनाए गए मौजूदा राजस्व बंटवारा मॉडल के तहत आर्थिक रूप से टिके रहने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सैमी ने कहा, मेरी मां हमेशा कहती थीं कि आपके भीतर दूसरों की परवाह करने का भाव होना चाहिए। जिंदगी में आप कुछ भी करें, इस भावना को कभी नहीं खोना चाहिए।



शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ा, टीसीएस सबसे आगे

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी के बीच टॉप-10 में से नौ कंपनियों का संयुक्त मार्केट कैप 3.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गया। टीसीएस सबसे बड़ी लाभार्थी रही, जबकि भारती एयरटेल, इंफोसिस और रिलायंस को भी फायदा हुआ। क्या बाजार की यह तेजी आगे भी जारी रहेगी? भारतीय शेयर बाजार में तेजी का असर देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों पर भी दिखाई दिया। बीते सप्ताह टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 3.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गया। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे बड़ी लाभार्थी रही। भारती एयरटेल और इंफोसिस के मार्केट कैप में भी जोरदार उछाल दर्ज किया गया। वहीं, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ऐसी इकलौती कंपनी रही, जिसकी बाजार वैल्यू में गिरावट आई। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 2,256.94 अंक यानी 3.11 प्रतिशत चढ़ा। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 625.7 अंक यानी 2.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर ने बताया कि भारतीय शेयर बाजार में सुधार का रुख जारी रहा। सेंसेक्स और निफ्टी ने लगभग छह महीने में अपना सबसे मजबूत साप्ताहिक प्रदर्शन दर्ज किया। उनके मुताबिक, सितंबर तिमाही के उत्साहजनक नतीजों के बाद आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी ने बाजार की तेजी को सहारा दिया। इसके



जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।